दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 53 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 13 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+St

## प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं, निवेश करने वालों की सभी समस्याओं का सरकार करेगी समाधान : भजनलाल शर्मा

### विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में राजस्थान पूरे देश में रहेगा अव्वल, भारतीय उद्योग परिसंघ राजस्थान के वार्षिक सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और हमारी सरकार ने प्रदेश में उद्योगों का नया माहौल तैयार करने के लिए कई बड़े निर्णय लिए हैं । जिसकी वजह से देश और विदेश के निवेशक राजस्थान में निवेश के लिए जबरदस्त रुचि दिखा रहे हैं । उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश करने वालों को किसी भी तरह की किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा । सरकार निवेदक की प्रत्येक समस्या सामना नहीं करना पड़ेगा सरकार इन्वेस्टर की प्रत्येक समस्या का समाधान करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ राजस्थान के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में निवेश परक वातावरण, नवाचारों को प्रोत्साहन, इज ऑफ़ डूइंग बिजनेस तथा सिंगल विंडो क्लेरेंस सहित विभिन्न ऐसे निर्णय लिए हैं जिससे प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 2047 तक 4.3 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश में योजना के अनुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को आधार मानकर ग्राम पंचायत से लेकर नगर निकाय तक के समग्र विकास का रोड मैप तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना दी है जिसे सरकार करने में राजस्थान की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्दी ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनने जा रहा है उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद गरीब कल्याण, देश में आतंकवाद का खात्मा, आर्थिक विकास तथा भारत का दुनिया में गौरव बड़ा है और हर क्षेत्र में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है देश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं जबकि वर्ष 2014 से पहले देश के क्या हालात थे किसी से छुपे हुए नहीं है लेकिन 2014 के बाद से लेकर अब तक देश में क्रांतिकारी विकास कार्य हुए हैं और पूरी दुनिया भारत को सम्मान की निगाह से देख रही है हम हर क्षेत्र में तेजी से कम कर रहे हैं ।




### 34 नई नीतियों से विकास को मिली रफ्तार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं नवाचारों और कार्यक्रमों द्वारा प्रदेश में विकास को गति दी हुई है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने के अलावा सड़क नेटवर्क को भी मजबूत किया गया है तथा रेल परिवहन में भी जबरदस्त सुधार हुआ है उन्होंने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज उपलब्ध है। राज्य सरकार इनकी प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान दे रही है इसके अलावा एक जिला एक उत्पाद योजना के माध्यम से जिले की स्थानीय विशिष्ठाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 34 नई नीतियां लेकर आई हैं जिससे उद्योगों का अनुकूल वातावरण बन रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं प्रदेश के ऐतिहासिक मंदिर तथा सांस्कृतिक विरासत देश और विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करती है इसके अलावा हमारी सरकार शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति भी मजबूत हुई है महिला अत्याचारों के मामले में 10 प्रतिशत की कमी भी आई है तथा पुलिस को पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ।

### युवा नीति से उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लेकर आई है जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को ब्याज मुक्त लोन दिया जा रहा है। हमारी मंशा है कि युवा रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार प्रदाता भी बने। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय पेपर लीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए थे लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार युवाओं को चार लाख सरकारी क्षेत्र में और 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है अब तक 125000 नियुक्तियां दी जा चुकी है 133000 भर्ती प्रक्रिया में चल रही है तथा एक लाख से ज्यादा पदों का भरती कैलेंडर जारी किया जा चुका है। प्रदेश में समावेशी विकास और बेहतर सुशासन को प्राथमिकता : प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास ने कार्यक्रम में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में समावेशी विकास और बेहतर सुशासन को प्राथमिकता दी गई है जिससे अन्नदाता महिला गरीब और युवाओं का शक्ति कारण हो सके। उन्होंने कहा कि फ्यूचर रेडी राजस्थान के लक्ष्य के साथ नगरीय विकास बुनियादी ढांचे का विस्तार सतत विकास जैसे क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है।

## भजनलाल शर्मा ने केंद्र सरकार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और प्रोजेक्ट की समीक्षा के लिए मैराथन बैठक की

### बैठक में केंद्र से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और प्रोजेक्ट का संबंधित विभाग के अधिकारियों से लिया फीडबैक, बैठक में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास भी रहे मौजूद, सभी प्रोजेक्ट और योजनाओं के निर्धारित समय पर पूर्ण करने के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के आमजन के जीवन को खुशहाल बनाने के अलावा प्रदेश के चौमुखी विकास को तेज गति से आगे बढ़ाने के प्रयासों में भी जान से जुटे हुए हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में पूरे देश में राजस्थान सबसे आगे रहे और राजस्थान विकसित राजस्थान के रूप में जल्दी से जल्दी स्थापित हो इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री शर्मा लगातार रोजाना विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके राजस्थान सरकार की ओर से संचालित किया जा रहे योजनाओं और प्रोजेक्ट का फीडबैक तो लेते रहते हैं ही इसके अलावा केंद्र सरकार से जुड़ी योजनाओं और प्रोजेक्ट को लेकर भी हमेशा गंभीर रहते हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं और प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के बारे में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया इस बैठक में मुख्य सचिव श्रीनिवास के अलावा विभिन्न विभागों के सभी बड़े अधिकारी मौजूद रहे । बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्र सरकार के सहयोग और केंद्र पोषित विभिन्न योजनाओं और प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी हासिल की, योजनाएं और प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के बारे में फीडबैक लेने के साथ साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को साफ निर्देशित किया है कि निर्धारित समय पर सभी योजनाएं और प्रोजेक्ट पूरे हो तथा इन योजनाओं और प्रोजेक्ट के बारे में किसी भी तरह की कोई भी लापरवाही कमी और किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाए बल्कि पारदर्शक ढंग से सभी योजनाएं निर्धारित समय पर पूरी की जाए। मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से दो टूक कहा है कि विकास कार्यों में लापरवाही और विलंब किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अगर किसी योजना और किसी प्रोजेक्ट में किसी भी तरह की कोई परेशानी आती है तो उसे तुरंत उनके नॉलेज में लाई जाए ताकि जल्दी से जल्दी परेशानी का समाधान निकाला जा सके लेकिन योजनाओं और प्रोजेक्ट के निर्धारित समय पर पूरा किए जाने की दिशा में पूरा फोकस रखा जाए। जानकार लोगों का कहना है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में केंद्र सरकार से जुड़ी योजनाओं को लेकर हुई है बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा सकती है क्योंकि पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्र की मोदी सरकार से कई बड़ी-बड़ी योजनाएं और प्रोजेक्ट मंजूर करवाने में सफल हुए हैं लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा यह भी चाहते हैं कि केंद्र सरकार से जो भी योजना और प्रोजेक्ट मंजूर हुए हैं और केंद्र सरकार के पैसों से संचालित होने वाली योजनाएं निर्धारित समय पर हर हाल में पूरी हो और सभी प्रोजेक्ट और योजनाएं पारदर्शक ढंग से संपादित हो ताकि केंद्र सरकार का राजस्थान सरकार के प्रति अच्छा नजरिया और अच्छी सोच हमेशा बनी रहे मुख्यमंत्री शर्मा यह जानते हैं कि अगर केंद्र सरकार के पैसों से संचालित होने वाली योजनाओं के एक-एक पैसे का ईमानदारी से समुचित उपयोग किया जाए तो फिर केंद्र सरकार अपनी तिजोरी के दरवाजे राजस्थान के लिए हमेशा खुला रखेगी इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा केंद्र से जुड़ी योजनाओं को लेकर हमेशा ही काफी गंभीर और सजग रहे हैं ।

## संसद में हरदीप सिंह पुरी ने कहा देश में तेल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट हुई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को संसद में कहा कि देश में तेल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट हो गई जिससे गैस की मांग अचानक बढ़ गई । उन्होंने यह भी कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति आज से फिर शुरू हो जाएगी । ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ताओं को 45 दिन के भीतर दूसरी बुकिंग की सुविधा दी जाएगी। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री के अनुसार भारत की रिफाइनरी पूरी क्षमता यानी 100 प्रतिशत उत्पादन पर काम कर रही है और किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। इस बीच देश की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने भी बयान जारी कर कहा है कि वह देश भर में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कंपनी के मुताबिक उसके सभी फ्यूल स्टेशन सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं और



पेट्रोल डीजल की पर्याप्त आपूर्ति जारी है साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वह केवल विश्वसनीय जानकारी पर भरोसा करें और अफवाहों से दूर रहें । उल्लेखनीय है कि भारत अपनी कुल तेल जरूरत का लगभग 80 प्रतिशत आयात करता है ऐसे में वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी प्रकार की अस्थिरता का असर भारत पर पड़ सकता है। हालांकि वैश्विक आपूर्ति बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए गए हैं यूनाइटेड स्टेट्स ने अपने स्टार्गेटिक पेट्रोलियम रिजर्व से 172 मिलियन बैरल कच्चा तेल जारी किया है वही इंटरनल एनर्जी एजेंसी ने कहा है कि उसके सदस्य देश 400 मिलियन बैरल तेल आपातकालीन भंडार से बाजार में जारी करेंगे बताया जा रहा है कि 1973 तेल क्राइसिस के बाद यह छठी बार है जब इस संगठन ने वैश्विक तेल आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए ऐसा कदम उठाया है वेस्ट एशिया में तनाव 28 मार्च को उस समय बाद जब इसराइल ने ईरान पर हवाई हमले किए अब इस संघर्ष को करीब दो सप्ताह हो चुके हैं विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह युद्ध लंबा चलता है तो वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमत पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है जिसका प्रभाव भारत सहित कई देशों की अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे सकता है ।


## विपक्ष बयानबाजी ना करें, बहुत जल्दी ही गैस आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी : खाद्य मंत्री सुमित गोदारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में गैस संकट पर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि गैस संकट पर किसी को भी पैनिक होने की जरूरत नहीं है । सरकार इस पूरे मामले पर गंभीरता से नजर बनाए हुए हैं और बहुत जल्दी ही गैस आपूर्ति की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी। गोदारा ने विपक्षी दलों को से भी कहा है कि दुनिया भर में गैस और तेल को लेकर संकट के जो हालात बने हुए हैं ऐसे हालात में विपक्ष को बयान बाजी से बचना चाहिए और राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रभाव रखते हुए सहयोग की भावना रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में किसी भी घरेलू उपभोक्ता को गैस के लिए परेशान नहीं होने देगी इसके लिए सरकारी स्तर पर गंभीरता से प्रयास किया जा रहे हैं । खाद्य मंत्री गोदारा ने कहा कि मिडिल ईस्ट में हो रहे युद्ध की वजह से केंद्र सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार राजस्थान और अन्य राज्यों की सरकार गैस और तेल को लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है केंद्र सरकार ने पहले ही कह दिया है कि देश में पर्याप्त गैस और तेल हैं इसलिए किसी को भी पैनिक होने की जरूरत नहीं है यह राजस्थान की ही प्रॉब्लम्स नहीं है बल्कि पूरे देश और दुनिया की प्रॉब्लम से इसके निस्तारण के लिए केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार पूरी तरह से प्रयास रत है इसलिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कुछ निर्णय भी लिए



गए हैं लेकिन राजस्थान सरकार इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है । इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न तेल कंपनियों के राजस्थान प्रमुख और सभी विभाग के अधिकारियों से बातचीत भी की है और बहुत जल्दी ही प्रदेश में गैस आपूर्ति की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी इसलिए सभी को इस समय धैर्य और संयम रखना चाहिए और कालाबाजारी जमाखोरी जैसी प्रवृत्तियां से बचना चाहिए ताकि सरकार को सभी को गैस उपलब्ध करवाने में आसानीरहे उल्लेखनीय है की प्रदेश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद होने के बाद गैस की कमी की शिकायत राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में सुनने को मिल रही है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी की संभावना ज्यादा बनी हुई है क्योंकि कोई भी व्यक्ति अपने प्रतिष्ठान को बंद नहीं रखना जाएगा इसलिए वह कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर घरेलू गैस सिलेंडर हासिल करने के लिए जोड़-तोड़ बिठाने में लगा हुआ है इसी वजह से घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी होने की बात सामने आ रही है इसलिए सरकार की ओर से प्रदेश के सभी जिला रसद अधिकारियों की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है जो सभी जिलों में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी नजर रखेगी। फिलहाल सरकार का पूरा फोकस घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाना है लेकिन साथ-साथ यह भी जरूरी है कि होटल रेस्टोरेंट और व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए क्योंकि आने वाले दिनों में गणगौर और कई तरह के त्यौहार हैं इसके अलावा प्रदेश में रोजाना बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक घूमने के लिए भी आते हैं बहुत से लोग व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी यहां आते हैं और होटल में ठहरते हैं ऐसी स्थिति में होटल और रेस्टोरेंट में ठहरे हुए लोगों को भी कम से कम भोजन तो मिलना ही चाहिए यह बात होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों ने कही है इसलिए सरकार को घरेलू गैस सिलेंडर के अलावा कमर्शियल गैस सिलेंडर की भी व्यवस्था करनी चाहिए ।



## 15 मार्च से सरसों-चना खरीद के लिए पंजीयन, 25 मार्च से शुरू होगी समर्थन मूल्य खरीद

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजफैड के अनुसार जिले में सरसों एवं चना की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन 15 मार्च से प्रारम्भ होगा तथा खरीद कार्य 25 मार्च से शुरू किया जाएगा। जिले में समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए खैरथल मंडी परिसर, तिजारा मंडी परिसर, गंगापुरी जीएसएस, गुणसार जीएसएस एवं उजौली जीएसएस को खरीद केंद्र के रूप में प्रस्तावित किया गया है। सरकार द्वारा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल तथा चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां ने बताया कि समर्थन मूल्य खरीद की सफल क्रियान्विति के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। किसान स्वयं QR कोड स्कैन कर या ई-मित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। खरीद प्रक्रिया आधार आधारित बायोमेट्रिक पहचान के माध्यम से ही की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खरीद केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। किसानों की सहायता के लिए राजफैड द्वारा कॉल सेंटर नंबर 18001806001 भी स्थापित किया गया है, जिस पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## बिना टैक्स के संचालित वाहनों के विरूद्ध सघन जांच अभियान जारी

### बिना टैक्स के संचालित 5 बसें एवं 9 कन्स्ट्रक्शन इक्विपमेंट (क्रेन) सहित 14 वाहन जब्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रविन्द्र जोशी ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज के नेतृत्व में बुधवार को जिले के जटियाना में बिना कर एवं अवैध रूप से संचालित बसों पर कार्यवाई करते हुए 4 बसों को जब्त किया गया। जब्त बसों के वाहन स्वामियों के नाम से पंजीकृत अन्य वाहनों के कर भी बकाया पाए गए। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को बहरोड़ क्षेत्र के काठूवास में इनलैण्ड कन्टेनर डिपो में विभागीय टीम द्वारा वाहनों की सघन जांच करते हुए 9 कन्स्ट्रक्शन इक्विपमेंट (क्रेन) पर कार्यवाई की गई, जिसमें कुछ कन्स्ट्रक्शन इक्विपमेंट विदेशी कैटेगरी के मौजूद थे। इन सभी वाहनों पर लगभग 1 करोड से अधिक की प्रशमन राशि एवं राजस्थान राज्य का कर बकाया पाया गया। अतः समस्त वाहन मालिक/कम्पनी अपने वाहन अथवा परिसर में संचालित कन्स्ट्रक्शन इक्विपमेंट का कर जमा करावे, ताकि चालान व जुर्माने से बचा जा सके। कर जमा नहीं कराने पर ऐसे वाहनों पर प्रवर्तन कार्यवाही कर राजस्थान राज्य कर एवं कर के अतिरिक्त 15 गुणा पेनल्टी के साथ जुर्माना वसूल की जावेगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त काठूवास में कार्यवाई करते हुए 1 बस जब्त की गई जिसका ऑल इंडिया परमिट समाप्त होना पाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त 9 वाहनों की कार्यवाही में जांच कर प्रशमन राशि एवं कर जमा होने के पश्चात ही वाहनों को रिलीज करने की कार्यवाही की जा रही है। बिना टैक्स एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों पर आगामी दिवसों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बाघिन एसटी-17 ने दिया तीन शावकों को जन्म, कैमरे में हुई तस्वीर कैद



जयपुर टाइम्स


**अलवर(निसं.)।** डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण ने बताया कि बाघिन एसटी-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। सरिस्का बाघ परियोजना के रेंज अकबरपुर क्षेत्र में कैमरा ट्रैप चित्रों एवं भू-गश्त के आधार पर इन शावकों की पुष्टि की गई है। बाघिन एसटी-17 के साथ तीनों शावक कैमरा ट्रैप में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं तथा बाघिन व शावकों की गतिविधि सामान्य पाई गई है। संबंधित बाघ मॉनिटरिंग दल को बाघिन एवं उसके शावकों की गतिविधियों पर निरन्तर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए हैं। उल्लेखनीय है कि बाघीन एसटी-17 इससे पूर्व भी शावकों को जन्म दे चुकी है तथा यह उसकी दूसरी सफल प्रजनन घटना है। इन तीन नवजात शावकों के जन्म के साथ सरिस्का बाघ परियोजना में बाघों की संख्या में और वृद्धि हुई है।

## पाली में संभाग स्तरीय आयुर्वेद आरोग्य मेले का शुभारंभ

### स्वस्थ शरीर से ही जीवन में मिलती है सफलता: जोराराम कुमावत

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को पाली के रामलीला मैदान में आयोजित संभाग स्तरीय आयुर्वेद आरोग्य मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी उद्देश्य से आमजन के स्वास्थ्य लाभ के लिए ऐसे मेले आयोजित किए जा रहे हैं। मंत्री कुमावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रही है। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति आज के समय में बेहद उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि एलोपैथी से बीमारी जल्दी ठीक तो हो जाती है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी होते हैं, जबकि आयुर्वेदिक उपचार भले ही धीरे काम करता है, लेकिन बीमारी को जड़ से खत्म करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने प्राचीन काल से ही जड़ी-बूटियों के माध्यम से उपचार की परंपरा विकसित की है। इस मेले के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा से लाभान्वित किया जाएगा। शुभारंभ के बाद मंत्री कुमावत ने आईएएस बिरजू गोपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र सिंह राणावत, पुखराज पटेल सहित अन्य अतिथियों के साथ मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों और चिकित्सा काउंटरों का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में संभागीय नोडल अधिकारी अर्जुन सिंह, संयुक्त निदेशक बजरंग लाल शर्मा, उपनिदेशक जालोर डॉ. भवानी सिंह, उपनिदेशक ब्यावर सीपी सिंह, देवीलाल मेघवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, चिकित्सक और आमजन उपस्थित रहे। मेले के दौरान 13 और 14 मार्च को शाम 7 बजे भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।



### सेंट्रल जेल अलवर में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जेल में बंदकैदियों को अमानवीय या बर्बर व्यवहार से सुरक्षा का अधिकार- मुस्तफा खान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भंडारी के निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर गुरुवार को पी एल वी मुस्तफा खान एवं लीगल डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा सेंट्रल जेल अलवर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।



इस मौके पर पी एल वी मुस्तफा खान ने उपस्थित कैदियों को बताया कि भारतीय कानून के तहत कैदियों को भी सामान्य नागरिकों की भांति मौलिक और मानव अधिकार प्राप्त हैं जिनमें गरिमा के साथ जीवन जीने, सुरक्षित जीवन स्थितियां, पौष्टिक आहार, चिकित्सा सुविधा, निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता और परिवार से मिलने का अधिकार सम्मिलित है संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उन्हें अमानवीय या बर्बर व्यवहार से सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है। जेल में बंद कैदियों को यातना, क्रूरता, अपमान जनक, अमानवीय और बर्बर व्यवहार से सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वच्छ जीवन स्थितियां, पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पीने का पानी और स्वच्छता जैसे मूलभूत मानवीय अधिकार प्राप्त हैं। जेल में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा और बीमार होने पर परीक्षण आदि चिकित्सा उपचार का अधिकार प्राप्त है।

जेल में बंद कैदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के अंतर्गत जेल विधिक सेवा क्लिनिक में कारागार में बंद कैदियों विशेषकर ग़रीब और कमजोर वर्ग के विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों को जेल के भीतर ही निःशुल्क विधिक सलाह,सहायता प्राप्त करने, विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराने और अपने वकील से परामर्श करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है। इसके अतिरिक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में जानकारी करने, तुरंत मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने, जमानत, पैरोल और निष्पक्ष सुनवाई और कैदियों को शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है।

असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा ने विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के साथ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 15100, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित हेल्प लाइन नम्बर 9928900900 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर द्वारा संचालित हेल्प लाइन न 8306002102 एवं 01442940098 के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। जेल में आए नए कैदियों से मुलाकात कर सेंट्रल जेल अलवर के अंदर ही कैदियों की न्यायालय में निः शुल्क पैरवी करने हेतु अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए 5 फॉर्म भरवाए गए।

इस अवसर पर लीगल डिफेंस काउंसिल एड. इंद्र सिंह शेखावत, एड. विकास कुमार मीना, एड. मीरा जैन, मीडिएटर मनोज भरद्वाज एवं जेलर ओम प्रकाश शर्मा, हेड कांस्टेबल महेंद्र केंद्रीय कारागृह अलवर के वार्ड नंबर 1 के करीब 89 कैदी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं, युवाओं से हिंदू नव वर्ष उत्साह से मनाने का आह्वान

जयपुर टाइम्स



**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालक नाथ योगी ने विधानसभा क्षेत्र में नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत क्रमशः भिवाड़ी, टपूकड़ा और तिजारा में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न स्थानों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं, जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को पानी, बिजली, सफाई और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने तिजारा में एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में हिंदू नव वर्ष आने वाला है, जो सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल एक त्योहार नहीं बल्कि सनातन हिंदू संस्कृति की विशिष्ट पहचान को विश्व में स्थापित करने वाला उत्सव है। उन्होंने बताया कि कालगणना के रूप में नव वर्ष की परंपरा का परिचय सबसे पहले हमारी संस्कृति ने दिया, जिसे विक्रम संवत के नाम से जाना जाता है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हमारी वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक पद्धति पर आधारित गौरवशाली सनातन परंपराओं को समझें और उन्हें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही हिंदू नव वर्ष को पूर्ण उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाकर समाज में सकारात्मक संदेश दें।

## रैवाणा मेले में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की सक्रिय भागीदारी, विकास कार्यों के लिए 5 लाख की घोषणा

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र के रैवाणा गांव में आयोजित श्री श्री 1008 योगीराज बाबा रामस्वरूपदास जी महाराज दादूपंथी के भव्य मेले एवं भंडारे में बुधवार को भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मेले और भंडारे में सहभागिता करते हुए सेवा भाव से समय बिताया तथा ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक महंत श्री जसवंत सिंह जी महाराज रहे। इस अवसर पर डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बाबा रामस्वरूपदास जी महाराज के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। साथ ही उन्होंने रैवाणा गांव में विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर विधायक कोष से 5 लाख रुपये की घोषणा की। डॉ. मोहित ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और विकास कार्यों की गति आगे भी निरंतर बढ़ती रहेगी। मेले एवं भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान जयवीर भाटी ने लोकगीतों के माध्यम से बाबा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। डॉ. मोहित जसवंत यादव ने आयोजन समिति और ग्रामीणों द्वारा की गई व्यवस्थाओं, अनुशासन और सेवा भाव की सराहना की।

इस अवसर पर लीलाराम सरपंच रैवाणा, अनिल पूर्व सरपंच रैवाणा, नवरतन सरपंच दौसोद, भूपसिंह सरपंच कायसा, देशराज उपसरपंच, राजेन्द्र पूर्व सरपंच, सुनील यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष माजरी, डॉ. जगत, दीपक राघव, हवासिंह, मोनू खोहरी, दिनेश, मुन्ना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

### विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की समीक्षा कर समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्विति कराने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर चिकित्सा विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के तहत विगत वित्तीय वर्ष में जिले की 73 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त की गई तथा इस दिशा में निरन्तर कार्य करते हुए जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं चिकित्सा विभाग के प्रयासों से इस वर्ष 174 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष रही ग्राम पंचायतों को भी यथाशीघ्र टीबी मुक्त करावे। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थान में इस प्रकार की व्यवस्था करें कि 24 घण्टे प्रसव किए जा सके। साथ ही गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांचे कराई जाए एवं लाभार्थी महिलाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान समयबद्ध रूप से किया जावे। उन्होंने एनीमिया की रोकथाम हेतु पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीयकृत गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसवपूर्व जांच कराकर उपचार से लाभांवित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध तरीके से पर्ची की एंट्री करावे तथा चिकित्सा संस्थान पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दवाओं का इंडेंट करें एवं सुनिश्चित करें कि सभी दवा वितरण केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध होवे। साथ ही उन्होंने एनटीएनसीडी कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा एनसीडी पोर्टल पर इंद्राज डाटा की उपलब्धता की रिपोर्ट समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन योजनाओं की क्रियान्विति में संबंधित ब्लॉक की प्रगति कम है वे अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों का रिव्यु कर प्रगति बढावे। साथ ही निर्देश दिये कि बीसीएमओ अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, एएनसी टीकाकरण, जेएसवाई, राजश्री योजना हेतु निर्धारित लक्ष्यानुरूप कार्य करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने फरवरी 2026 तक की विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित स्वास्थ्य सूचकांक की प्रगति रिपोर्ट के बार में अवगत कराया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. छबील कुमार, डीप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. मंजु शर्मा, डॉ. टेकचंद सहित संबंधित अधिकारी एवं सभी बीसीएमएचओ व सीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

## राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष ने बैठक लेकर की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

### योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति कर पात्रतानुसार समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभान्वित कराने के दिए निर्देश

### सफाई कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए किये जा रहे कार्यों का फीडबैक लेकर दिए आवश्यक दिशा -निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने दो दिवसीय जिले के दौरे के दौरान सर्किट हाउस में अनुजा निगम, उद्योग, आरएसएलडीसी की विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के संबध में समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर विभागीय योजनाओं की धरातल पर प्रभावी क्रियान्विति करावें, ताकि आमजन को पात्रता अनुसार इनका लाभ यथाशीघ्र मिल सके। उन्होंने अनुजा निगम प्रबंधक से निगम द्वारा संचालित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, एक मुश्त सामाधन योजना साहित अन्य योजनाओं में प्रगति का विस्तृत फीडबैक लेकर लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के प्रबंधक से विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण का फीडबैक लेकर युवाओं को मार्केट में जॉब की मांग अनुसार गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि युवा बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त कर सके। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार के लिए पात्रता अनुसार विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक से डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित एवं आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर अधिकाधिक युवाओं को योजनाओं में स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारीयों की हमारे दैनिक जीवन में अति महत्वपूर्ण भूमिका है, सफाई कार्मिक उच्च सम्मान एवं समानता के हकदार हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए किए जा रहे कार्यों का विस्तृत फीडबैक लेकर सफाई कर्मचारियों की सभी तरह की समस्याओं का संवेदनशीलता से निश्चित समय में समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता में प्रयोग होने वाले सभी उपकरण की उपलब्धता हो तथा नियमित रूप से हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया जाए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, अनुजा निगम के प्रबंधक लक्ष्मण सिंह, उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान एवं आरएसएलडीसी के प्रबंधक अभिनव दीक्षित सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति में कमी, अवैध संग्रहण और ऊंचे दामों पर काला बाजारी की रोकथाम हेतु उपखण्डवार विशेष प्रवर्तन जांच दल गठित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति में कमी, अवैध संग्रहण और ऊंचे दामों पर काला बाजारी की आशंका के दृष्टिगत व खाद्य विभाग के निर्देशों की पालना में जिले के उपखण्ड अधिकारियों की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय उपखण्डवार विशेष प्रवर्तन जांच दलों का गठन किया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के उपखण्ड क्षेत्र अलवर के लिए उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज की अध्यक्षता में उपखण्डवार विशेष प्रवर्तन जांच दलों का गठन किया गया है, जिसमें सीओ अलवर शहर अंगद शर्मा व प्रवर्तन अधिकारी बनवारी लाल शर्मा सदस्य होंगे। इसी प्रकार उपखण्ड क्षेत्र रामगढ के लिए उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल अध्यक्ष एवं सीओ रामगढ पिन्टू व प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह सदस्य, उपखण्ड क्षेत्र रैणी के लिए उपखण्ड अधिकारी हरकेश मीना अध्यक्ष एवं थानाधिकारी रैणी राजपाल सिंह व प्रवर्तन अधिकारी सुरेन्द्र भारती सदस्य, उपखण्ड क्षेत्र राजगढ के लिए उपखण्ड अधिकारी सीमा मीना अध्यक्ष एवं सीओ राजगढ मनीषा मीना व प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा सदस्य, उपखण्ड क्षेत्र कठूमर के लिए उपखण्ड अधिकारी श्याम सुन्दर चेतीवाल अध्यक्ष एवं सीओ कठूमर राजेश विद्यार्थी व प्रवर्तन अधिकारी विजय पाल यादव सदस्य, उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ के लिए उपखण्ड अधिकारी अर्चना चौधरी अध्यक्ष एवं सीओ लक्ष्मणगढ कैलाश जिंदल व प्रवर्तन अधिकारी अमित कुमार यादव सदस्य, उपखण्ड क्षेत्र गोविन्दगढ के लिए उपखण्ड अधिकारी एश्वयर्म प्रजापति अध्यक्ष एवं थानाधिकारी गोविन्दगढ धर्मसिंह व प्रवर्तन अधिकारी शालू कंवर सदस्य, उपखण्ड क्षेत्र थानागाजी के लिए उपखण्ड अधिकारी सविता शर्मा अध्यक्ष एवं सीओ थानागाजी इन्दु लोदी व प्रवर्तन अधिकारी कृष्ण कुमार बायला सदस्य तथा उपखण्ड क्षेत्र मालाखेडा के लिए उपखण्ड अधिकारी नवज्योति कांवरिया अध्यक्ष एवं थानाधिकारी मालाखेडा हरदयाल यादव व प्रवर्तन अधिकारी प्रगति बरवाल सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके नंबर 0144-2338000 है एवं पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर 112 व 0144-2338200 पर सूचना /शिकायत की जा सकती है। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रवर्तन जांच दल अपने-अपने क्षेत्र में घरेलू एवं व्यावसायिक सिलेंडरों की मांग व आपूर्ति पर पैनी नजर रखेंगे। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, काला बाजारी, अवैध भण्डारण तथा रिफलिंग की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जांच दल अपने-अपने क्षेत्र की प्रति सप्ताह न्यूनतम दो गैस एजेंसियों का अनिवार्य रूप से भौतिक निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर व वास्तविक स्टॉक का मिलान किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जांच दल गैस एजेंसियों/वेण्डर अपने पंजीकृत वैद्य उपभोक्ताओं को ही एलपीजी का वितरण करें यह सुनिश्चित किया जावे तथा जांच दल एलपीजी स्टॉक की नियमित निगरानी रखे। यदि किसी गैस एजेंसी, वेण्डर या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा सिलेंडरों की जमाखोरी, कृत्रिम अभाव पैदा करना या निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत कठोर दण्डात्मक कार्रवाई करें। उपखण्ड कार्यालयों में कंट्रोल रूम स्थापित कर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। सम्पूर्ण जिले में विभागीय दिशा-निर्देशों की पालना हेतु प्रशासनिक जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, पुलिस नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, विभागीय नोडल अधिकारी जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा एवं सेल्स ऑफिसर आईओसीएल पूजा मीना रहेंगे।

## एसीबी ने बस्सी में पटवारी और दलाल को 30000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को प्रदेश में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जयपुर के निकट बस्सी में पटवारी और दलाल को 30000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त पटवारी विक्रम है जिसने दलाल के मार्फत तकास्मा रिपोर्ट के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसके शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई दो दिन पहले परिवादी की ओर से दर्ज करवाई गई इस शिकायत का ब्यूरो के अधिकारियों ने सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी पटवारी विक्रम और दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एसीबीके अधिकारियों ने एक रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को परिवादी ने जैसे ही रिश्वत के 30000 रुपए आरोपी पटवारी विक्रम और दलाल को दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ आरोपी पटवारी विक्रम और उसके दलाल को गिरफ्तार किया भ्रष्टाचार में निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले की जांच पड़ताल कर रहे ब्यूरो के अधिकारियों ने आरोपी पटवारी विक्रम के ऑफिस से सरकारी दस्तावेज फाइल पत्रावली आवेदन इत्यादि बरामद किए हैं इन सब की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा पटवारी विक्रम ने हाल ही में जिन-जिन फाइलों आवेदनों का निस्तारण किया है उनकी भी गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है क्योंकि ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि विक्रम भ्रष्टाचार को जोर-जोर से बढ़ावा दिए हुए था और जिस तरह से दलाल के मार्फत उसने पैसे वसूल करने का जो खेल रचा हुआ था उसके आधार पर एसीबी के अधिकारियों का मानना है कि विक्रम बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य शायद नहीं करता था इसलिए विक्रम की ओर से संपादित की गई तमाम तरह की फाइलों दस्तावेजों की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है ।

## दूदू के मोकमपुरा में पत्नी और 6 साल की बेटी की तलवार से हत्या कर पति पहुंचा थाने, हत्या की वारदात कबूल की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दूदू के मोकमपुरा थाने के बिचुन गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और 6 साल की मासूम बेटी की तलवार से काट डाला और फिर खुद ही थाने पहुंच गया और थाने में जाकर पत्नी और बेटी की हत्या करने की बात कबूल कर ली आरोपी के इस तरह से हत्या की बात कबूल किए जाने की बात सुनकर पुलिस स्टेशन में तैनात अधिकारी और कर्मचारी भी चकित रह गए आरोपों की बात सुनकर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतक महिला और उसकी बेटी की बॉडी को कब्जे में किया मौका मुआयना किया घटना स्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत जुटा मौके पर फिगर प्रिंट विशेषज्ञ और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी बुलाई गई है पुलिस ने आरोपी पति सुरजीत को हिरासत में ले लिया है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिचुन गांव में आरोपी सुरजीत अपनी पत्नी सरोज और 6 साल की बेटी वंशिका के साथ रहता था गुरुवार की सुबह सरोज सोकर उठी थी और उसकी बेटी गहरी नींद में सो रही थी तभी सुरजीत ने पहले सरोज पर तलवार से जोरदार वार किया और उसके बाद अपनी बेटी वंशिका को भी तलवार से काट डाला दोनों को मौत के घाट उतारने के बाद सुरजीत खुद ही पैदल मोकमपुरा थाना पहुंचा और वहां पर अपनी पत्नी और बेटी को मारने की बात कबुल की पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सुरजीत और उसकी पत्नी के बीच मनमुटाव की स्थिति बनी हुई थी आर्थिक परेशानी की वजह से दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था लेकिन पुलिस इस मामले में और भी कई बिंदुओं पर जांच कर रही है इस मामले में आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है इसके अलावा सरोज के पीहर पक्ष के लोगों से भी पुलिस पूछताछ करेगी फिलहाल पुलिस ने सुरजीत को हिरासत में ले लिया है ।

## बढ़ती गैस कीमतों को लेकर जालोर में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के विरुद्ध किया प्रदर्शन


जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार दोपहर 12 बजे केन्द्र की भाजपा सरकार के विरुद्ध कलेक्ट्रेट के सामने जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृत्व में 'विरोध- प्रदर्शन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित हुए तथा केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि ईजरायल, अमेरिका और ईरान के मध्य हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को संरक्षित करने में भाजपा की केन्द्र सरकार गलत विदेश नीति के कारण विफल रही है, जिस कारण देश में ईंधन का संकट व्याप्त हो गया है। केन्द्र सरकार की ओर से आमजन पर मंहगाई का बोझ डालते हुये घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाकर गैस सिलेण्डर की कीमतों में 60 रूपये प्रति सिलेण्डर की बढ़ोत्तरी की गई है। लगातार शादी-विवाह एवं समारोह आयोजित हो रहे हैं, किन्तु ऐसे समय में केन्द्र सरकार की ओर से इन समारोहों के आयोजन के लिए आवश्यक कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की आपूर्ति को भी बाधित कर दिया गया है, जिससे आमजन को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और सामाजिक कार्य सम्पन्न करने में केन्द्र सरकार का यह निर्णय घातक है। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में असंख्य भारतीय नागरिक फंसे हुये जिनकी वापसी के लिए भी कोई ठोस प्रयास केन्द्र सरकार द्वारा नहीं किये जा रहे हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार की ओर से व्यवस्था बनाये रखने में विफल रहने और देशवासियों पर मंहगाई का बोझ डालने के विरोध में पूरे प्रदेश में केन्द्र सरकार की अकर्मण्यता का विरोध करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजन गणपत सिंह मांडोली हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों की ओर से की जा रही भूख हड़ताल स्थल पर जाकर परिजनों से मुलाकात कर अपना समर्थन दिया साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृव में जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक जालोर से मुलाकात कर उक्त हत्याकांड के आरोपियो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने व पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाने की मांग रखी।

# गैस, तेल और खाद्य सामग्री की कोई कमी नहीं, कांग्रेस झूठ फैलाकर डर का माहौल बना रही : मदन राठौर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेताओं की ओर से गैस, तेल और खाद्य सामग्री की कमी को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताते हुए कहा कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता में डर और भ्रम का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है, जो उनकी पुरानी राजनीतिक परिपाटी रही है। मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि बिना तथ्यों की पुष्टि किए लगातार अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता आपदा में अवसर तलाशने की राजनीति करते हैं और चुनौतीपूर्ण



परिस्थितियों में भी जनता को डराकर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़े तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां अवश्य उत्पन्न हुई हैं, लेकिन भारत सरकार की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत तैयारियों के कारण देश पर इसका प्रभाव बेहद सीमित रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यक कदम उठा रही है। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रख रहा है। कहीं भी ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जा रही है। भारत के पास गैस और तेल के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं और प्रदेश में भी गैस, तेल तथा खाद्य सामग्री की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता जानबूझकर ऐसा माहौल बना रहे हैं जिससे आमजन में घबराहट फैले और लोग अनावश्यक रूप से वस्तुओं का भंडारण करने लगें। उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में रसोई गैस के लिए लंबी कतारें लगती थीं और ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 10 प्रतिशत परिवारों के पास ही गैस कनेक्शन था, जबकि आज यह संख्या 90 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। भाजपा सरकार ने उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से घर-घर गैस पहुंचाकर माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई है। राठौड़ ने बताया कि राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार 61 लाख से अधिक परिवारों को मात्र 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने स्वयं अधिकारियों की बैठक लेकर आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की है और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। एहतियात के तौर पर रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और प्रदेश में पर्यटन, हस्तशिल्प, वस्त्र उद्योग सहित अन्य उद्योग सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कांग्रेस द्वारा श्वेत पत्र की मांग को उन्होंने राजनीतिक नौटंकी बताते हुए कहा कि सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और सभी आंकड़े सार्वजनिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा केवल डर और अफवाह फैलाने पर आधारित है, जबकि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य देश के 140 करोड़ नागरिकों के हितों की रक्षा करना और भारत को मजबूत बनाना है। राजस्थान की डबल इंजन सरकार हर परिस्थिति में आमजन के साथ मजबूती से खड़ी है और प्रदेश में किसी भी प्रकार का संकट उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा।

## डबल इंजन सरकार की बेरुखी से बुझ रहा गरीब का चूल्हाः जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश और देश में गहराते रसोई गैस संकट तथा कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी को लेकर भाजपा की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है। जूली ने कहा कि एक ओर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये की वृद्धि कर आम आदमी की कमर तोड़ दी गई है, वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित हो रही है। इस कुप्रबंधन के कारण प्रदेश भर में गैस की कालाबाज़ारी बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर समस्या का समाधान ढूंढने के बजाय दिल्ली की ओर देखती रहती है कि वहां से कोई पर्ची आएगी, जबकि प्रदेश की जनता को राहत देने की जिम्मेदारी खुद राज्य सरकार की है। जूली ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत ने प्रदेश के लाखों छोटे व्यापारियों–चाय की थड़ी लगाने वाले, ढाबा संचालक, छोटे होटल और रेस्टोरेंट चलाने वाले के सामने गंभीर आजीविका संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की यह डबल इंजन सरकार बड़े उद्योगपतियों के हितों को साधने में व्यस्त है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग का चूल्हा बुझाने की नौबत आ गई है। आज हालात इतने चिंताजनक हैं कि रोज़ कमाने-खाने वाले छोटे व्यापारी इस अनिश्चितता में जी रहे हैं कि अगले दिन दुकान खोलने के लिए गैस सिलेंडर मिलेगा भी या नहीं। यदि सरकार ने समय रहते इस संकट का समाधान नहीं किया, तो इससे छोटे व्यापार बंद होंगे और बेरोज़गारी में बढ़ोतरी होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार पर होगी। जूली ने कहा चाहे



कोविड की विभीषिका रही हो या आज का गैस संकट–भाजपा सरकार की हर मार अंततः गरीब की जेब और उसके पेट पर ही पड़ती है। गैस किल्लत ने थड़ी-ठेला और छोटे होटल संचालकों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया है। यदि इस कारण प्रदेश में बेरोज़गारी बढ़ती है, तो इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने कहा कि जो सरकार आम आदमी को ईंधन जैसा बुनियादी संसाधन भी उपलब्ध नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा की नीतियाँ स्पष्ट रूप से जनविरोधी और असंवेदनशील हैं, जो आम जनता की उम्मीदों को सहारा देने के बजाय उनकी मुश्किलें बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराकर लाखों परिवारों को राहत दी थी। लेकिन भाजपा सरकार के आते ही जनता को मिलने वाली वह राहत समाप्त कर दी गई। जूली ने कहा कि आज हालात यह हैं कि आम आदमी को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार जनता का सहारा थी, जबकि भाजपा सरकार में जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है।

## देश में खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण मजबूत, पिछले तीन वर्षों में 1.7 लाख से अधिक नमूनों की जांचःमदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा राज्यसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने जानकारी दी कि देश में खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा वैज्ञानिक मानकों के आधार पर खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं आयात को विनियमित किया जाता है। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा से संबंधित नियमों का कार्यान्वयन मुख्य रूप से राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों द्वारा किया जाता है। राज्यों में नियुक्त नामित अधिकारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हैं। राज्यमंत्री ने जानकारी दी कि पिछले तीन वर्षों में एफएसएसएआई द्वारा खाद्य गुणवत्ता की जांच के लिए बड़ी संख्या में नमूने लिए गए हैं। वर्ष 2024-25 में 1,70,535, वर्ष 2023-24 में 1,70,513 तथा वर्ष 2022-23 में 1,77,511 खाद्य नमूनों का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुपालन को मजबूत करने के लिए जोखिम आधारित निरीक्षणों को भी बढ़ाया गया है। पिछले तीन वर्षों में किए गए जोखिम आधारित निरीक्षणों की संख्या लगातार बढ़ी है वर्ष 2022-23 में1,904 वर्ष 2023-24 में18,098 और वर्ष 2024 25 में 260227 निरीक्षण किए गए द्य केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के



उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित खाद्य व्यवसाय संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत दंडात्मक और नियामक कार्रवाई की जाती है, जिसमें सुधार नोटिस, जुर्माना तथा गंभीर मामलों में अभियोजन जैसी कार्रवाई शामिल है।राज्यवार आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में भी खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए व्यापक जांच और कार्रवाई की गई है। वर्ष 2024-25 में 13,840 नमूनों की जांच, वर्ष 2023-24 में 18,536 नमूनों की जांच तथा वर्ष 2022-23 में 13,184 नमूनों की जांच की गई। इन मामलों में नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की गई।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों से देश में खाद्य गुणवत्ता, उपभोक्ता सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा कि एफएसएसएआई की निगरानी व्यवस्था और राज्यों की सक्रिय भूमिका से मिलावट और मानकों के उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो रहा है।

## अजमेर में सरकारी स्कूल का नाम बदलने पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा : गुलामी प्रतीक के नाम को बदलना बहुतजरूरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अजमेर में प्रतिष्ठित मोइनिया इस्लामिया स्कूल का नाम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड किए जाने के अवसर पर गुरुवार को अजमेर में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि गुलामी प्रतीक के नाम को बदलना बहुत जरूरी है क्योंकि देश की आजादी से पहले ब्रिटिश शासन काल में और विदेशी आक्रांताओं के समय देशभर



में बड़ी संख्या में ऐतिहासिक स्मारकों किलो सरकारी संस्थानों इत्यादि का जो नाम दिया उनमें राष्ट्र भाव और राष्ट्र प्रेम जैसी आस्था बिल्कुल भी नजर नहीं आती उन नाम में एक गुलामी का भाव जुड़ा है आज भारत पूरी दुनिया में एक ताकतवर राष्ट्र के रूप में स्थापित है आज भारत पूरी दुनिया में अपने नाम का डंका बज रहा है ऐसे में प्राचीन काल में और अंग्रेजों के शासनकाल में जो नाम ऐतिहासिक स्मारकों गढ़ किला सरकारी इमारत इत्यादि को जो नाम दिए गए उन्हें बदलनाबहुत जरूरी है इसीलिए पिछले 2 साल में राजस्थान में अजमेर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश भर में अंग्रेज मुगल शासको और विदेशी आक्रांताओं के जमाने के समय जो नाम रखे गए हैं उन सबको बदला जा रहा है इसी क्रम में मोइनिया इस्लामिया स्कूल का नाम भी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड अजमेर किया गया है नाम बदलने से छात्रों में एक सकारात्मक संदेश जाएगा जिस स्कूल में एक अच्छा शैक्षणिक माहौल तैयार करने में मदद मिलेगी ।

[5:16 3/12/2026] **राजस्थान पत्रिकाः** +91 78780 06063: जानकार लोगों का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार भी ब्रिटिश शासन काल मुगल शासन काल और विदेशी आक्रांताओं के शासनकाल में विभिन्न इमारत स्मारक इत्यादि का जो नाम रखा हुआ है उन सब नाम को मोदी सरकार भी बदल रही है राजधानी दिल्ली में भी बड़े पैमाने पर मोदी सरकार ने पुराने नाम बदले हैं इसी क्रम में राजस्थान में भी पिछले 2 साल में कई जगहों पर पिछले कई सालों से अंग्रेजों के जमाने और मुगल शासन काल के जमाने से चले आ रहे हैं नाम को बदल दिया गया है फिलहाल अजमेर में भी कई जगहों पर पिछले 2 साल में नाम बदल दिए गए हैं इन नाम को बदलने में स्पीकर वासुदेव देवनानी की बहुत बड़ी भूमिका रही है वासुदेव देवनानी संघ के समर्पित नेता माने जाते हैं भारतीय जनता पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता हैं वर्तमान में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष में हैं संघ से जुड़े होने की वजह से राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रभाव वासुदेव देवनानी के रग रग में बसे हुए हैं अजमेर के भारतीय जनता पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं इसलिए अजमेर में ब्रिटिश शासन का और विदेशी आक्रांताओं के शासनकाल के समय प्रमुख स्थान और इमारत का जो नाम रखा हुआ है उन सबका नाम बदलने के लिए वासुदेव देवनानी खुलकर सामने आए ।

## गैस और ईंधन संकट को लेकर राजस्थान में जिला स्तर पर कांग्रेस जनों का प्रदर्शन

### उदयपुर सीकर में प्रधानमंत्री के पुतले जलाए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में गैस और ईंधन के संकट का समाधान करने की मांग को लेकर राजस्थान कांग्रेस की ओर से गुरुवार को प्रदेश में कई जिलाधीश कार्य लोगों पर जोरदार प्रदर्शन किया गया कांग्रेस जनों ने प्रधानमंत्री के पुतले भी जलाए और जल्दी से जल्दी गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी प्रस्तुत किया प्रदेश में गैस और ईंधन संकट का हवाला देकर राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 12 और 13 मार्च को प्रदेश में जिला स्तर पर कांग्रेस जनों की ओर से प्रदर्शन किए जाने की घोषणा की थी इसी क्रम में गुरुवार को उदयपुर सीकर और कई अन्य जिलों में जिलाधीश कार्यालय के बाहर कांग्रेस जनों ने जोरदार प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पुतले भी फुके हालांकि कांग्रेस जनों के प्रदर्शन को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलाधीश कार्यालय पर पुलिस ने सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए हैं लेकिन गुरुवार को उदयपुर में भी बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दिखाई और दमदार तरीके से जिलाधीश कार्यालय के बाहर जोर-जोर से नारेबाजी करके प्रदेश में गैस और ईंधन की कमी पर आक्रोश जताया सीकर में भी कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने जिलाधीश कार्यालय पर दमदार तरीके से प्रदर्शन किया और गैस और ईंधन के संकट के समाधान के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा उल्लेखनीय है कि गुरुवार को संसद में कांग्रेस पार्टी ने तेल और ईंधन के संकट का मामला जोर-जोर से उठाया कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया है और राष्ट्रीय व्यापी प्रदर्शन की तैयारी में भी कांग्रेस जुट गई है इसी क्रम में राजस्थान में 12 मार्च गुरुवार को कई जिलों में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन किया और आज 13 मार्च को भी प्रदेश के कोटा, जयपुर इत्यादि जिलों में जिलाधीश कार्यालय के बाहर आज भी कांग्रेस जन प्रदर्शन करेंगे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तंज करते हुए कहा कि पिछले दिनों भजनलाल शर्मा ने कहा था कि शंभूपुरा में नया एयरपोर्ट बनने पर स्पीकर ओम बिरला के लिए कचोरी लेकर जाएंगे लेकिन मैंनेजब कचोरी वाले से पूछा तो कचोरी वाले ने यह कहा कि मेरे पास सिलेंडर ही नहीं है कचोरी कहां से बनाऊं तो अब मुख्यमंत्री जी ओम बिरला के लिए कहां से कचोरी लेकर जाएंगे कुल मिलाकर राजस्थान कांग्रेस ने गैस और ईंधन संकट को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार को कटघरे में खड़ा करने के प्रयास में जोर शोर से जुट गए हैं ।

# गहलोत, डोटासरा, जूली के नेतृत्व में दांडी मार्च की वर्षगांठ पर कांग्रेस का शहीद स्मारक से गांधी वाटिका तक मोन पैदल मार्च

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** देश में दांडी मार्च की 96वीं वर्षगांठ पर राजस्थान कांग्रेस और भारत सेवा संस्थान के तत्वाधान में राजधानी जयपुर में शहीद स्मारक से लेकर केंद्र पर स्थित गांधी वाटिका तक मौन पैदल मार्च का आयोजन किया गया इस पैदल मार्च में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के सचेतक रफी खान सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे । इस अवसर पर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दांडी मार्च के समापन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज से 96 साल पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन काल में नमक जैसी वस्तु पर टैक्स लगाने के विरोध में दांडी मार्च का आयोजन किया था गांधी के इस मार्च के बाद ब्रिटिश सरकार ने यह काला कानून वापस ले लिया था आज देश में जो माहौल बना हुआ है संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है लोकतंत्र की हत्या की जा रही है ऐसी हालत में आज भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तरह इसी तरह का विरोध प्रदर्शन करने की जरूरत है गहलोत ने कहा कि देश में बेरोजगारी के हालात बने हुए हैं महंगाई पर नियंत्रण पाने में सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है आधारभूत चीजों के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है एक अजीब सा माहौल राजस्थान और देश में बना हुआ है लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया या फिर उन्हें कमजोर कर दिया गया जिसकी वजह से लोगों को आधारभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है उन्होंने कहा कि उन्हें नाम बदलने से कोई दिक्कत नहीं है लेकिन योजनाएं तो चालू रखनी चाहिए ताकि लोगों को जरूरी और आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके उन्होंने कहा कि आज देश किस दिशा में जा रहा है यह किसी को पता नहीं है क्योंकि पत्रकारों को लिखने नहीं दिया जा रहा है संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जा रहा है मनमानी तरीके से फैसला लिया जा रहा है यह भारत जैसे लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश के लिए ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि आज जो भी सरकार के खिलाफ बोलता है उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाता है इसलिए आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तरह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है ।

## सम्पादकीय

### विज्ञान आगे बढ़ रहा, ग्रामीण अब भी गंदा पानी पीने को मजबूर



इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में विज्ञान और तकनीक के मामले में नई ऊंचाइयां छूने का दावा किया जा रहा है, उसमें आज भी करोड़ों लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने योग्य नल-जल की सुविधा के तिहत्तर फीसद दूषित नमूनों पर उपचारात्मक उपाय नहीं हो पाया। यानी देश में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज भी स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सवाल है कि विकास की यह कौन-सी दिशा है, जिसमें पीने के साफ पानी की अनुपलब्धता से जुड़ी समस्या की इस हद तक अनदेखी की जा रही है कि आज यह व्यापक संकट का एक बड़ा कारण बनता दिख रहा है। राज्यों की भागीदारी से वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल मुहैया कराने का कार्यक्रम शुरू किया गया। मगर देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रबंधन में जिस स्तर की कोताही बरती जा रही है, कहीं वह आने वाले समय में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती की शक्ल में न सामने आए। गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए चौंतीस राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से आए पानी के नमूनों की जांच की गई। जांच के बाद दूषित पाए गए कुल नमूनों में से केवल 26.31 फीसद पर ही उपचारात्मक उपाय किए जा सके। दरअसल, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के घरों तक पहुंचाए जा रहे पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पेयजल के नमूने को संग्रह कर उनकी जांच की जाती है। जांच में अगर कहीं का पानी दूषित पाया जाता है, तो वहां जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाती है। अव्वल तो सवाल यह है कि पेयजल को स्वच्छ रखने के लिए क्या किया गया। फिर अगर कुल दूषित नमूनों में से तिहत्तर फीसद पर उपचारात्मक उपाय भी नहीं किए जा सके, तो क्या इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई? क्या ऐसी ही लापरवाही की वजह से शहरों-महानगरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में लोगों के घरों तक पहुंचाए जाने वाले पेयजल के दूषित होने की समस्या और ज्यादा नहीं बढ़ती जा रही है? यह छिपा नहीं है कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गंदा पानी पीने और उससे उपजी बीमारियों की चुनौती का सामना करने को मजबूर हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब देश भर में सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन की वजह पंद्रह लोगों की मौत और कई लोगों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने की खबर देश भर में चिंता का कारण बनी थी। मगर इंदौर कोई अकेला शहर नहीं है, जहां पेयजल खतरनाक स्तर तक दूषित हो गया। देश के अलग-अलग हिस्से से आए दिन गंदा पानी घरों तक पहुंचने या इसकी वजह से लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आती रहती हैं। मगर शायद ही कभी पेयजल और सीवर के पाइप को सुरक्षित दूरी पर रखने की योजना पर ठोस तरीके से काम किया गया।



## कहानी

### भक्त की पीडा

बच्चो गुजरात राज्य में श्री द्वारकापुरी के समीप डाकोर नाम का एक गांव है, वहां श्री रामदासजी नाम के भगवान श्रीकृष्ण के एक भक्त रहते थे । वह प्रत्येक एकादशी को द्वारका जाकर भगवान श्रीकृष्णजी के मंदिर में जागरण और कीर्तन करते थे । जब वह वृद्ध हो गए, तब भगवान ने उन्हें आज्ञा दी, की अब वह एकादशी की रात का जागरण घर पर ही कर लिया करें; परंतु रामदासजी ने भगवान की यह बात नहीं मानी । भक्त की दृढ श्रद्धा देखकर भगवान प्रसन्न हो गए और बोले, 'अब तुम्हारे यहां आने का कष्ट मुझसे सहन नहीं होता है, इसलिए अब मैं ही तुम्हारे घर चलूंगा । आनेवाली एकादशी को अपनी गाडी ले आना और उसे मंदिर के पीछे वाली खिडकी की ओर खडा कर देना । मै खिडकी खोल दूंगा, तुम मुझे अपनी गोद में उठाकर अपनी गाडी में बिठाकर शीघ्र ही चल देना ।' भगवान श्रीकृष्णजी स्वयं मेरे घर आएंगे यह सुनकर रामदासजी भावविभोर हो गए और उन्होंने भगवान को साष्टांग नमन किया । प्रभु के बताए अनुसार, भक्त रामदासजी ने कान्हाजी को घर पर ले जाने की पूरी तैयारी कर ली । कान्हाजी ने जैसा बताया था उसी अनुसार जागरण करने के लिए गाडी लेकर आए । सभी लोगों को लगा कि वृद्ध होने के कारण रामदासजी गाडी से आए हैं । एकादशी की रात को जागरण हुआ, अगले दिन अर्थात द्वादशी की आधी रात को रामदासजी खिडकी के मार्ग से मंदिर के भीतर पहुंचे । उन्होंने कान्हाजी के सारे आभूषण उतारकर वहीं मंदिर में रख दिए । रामदासजी तो भक्त थे । उनको तो भगवान से सच्चा प्रेम था, आभूषणों से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं था । कुछ समय बाद जब पुजारियों ने देखा कि मंदिर में कान्हाजी की मूर्ति नहीं है, उनके आभूषण वहीं रखे हुए थे । मंदिर में कान्हाजी को न पाकर लोग समझ गए की श्री रामदासजी गाडी लाए थे, वही कान्हाजी को ले गए हैं । पुजारियोंने उनका पीछा किया । पुजारियों को अपने पीछे आते हुए देखकर श्री रामदासजी ने भगवान से पूछा की अब क्या उपाय करना चाहिए  भगवान ने कहा, 'मुझे बावडी में रख दो ।' बच्चो बावडी का अर्थ है बडा कुंआ । इसमें सीढियां होती हैं, जिससे कुंए के भीतर तक जा सकते हैं । रामदासजी ने भगवान की आज्ञा के अनुसार उन्हें बावडी में रख दिया और निश्चिंत होकर गाडी हांक दी । पीछे से आए पुजारियोंने रामदासजी को पकडा और बहुत मार लगाई । उनके शरीर से रक्त बहने लगा । । रामदासजी को पीटकर पुजारी गाडी की ओर आए और वहां चारों ओर भगवान को ढूंढने लगे, पर वे कही नहीं मिले । तब सभी को पछतावा हुआ तथा वे बोले की इस भक्त को हमने बेकार ही मारा । इसी बीच उनमें से एक ने कहा, 'मैंने रामदास को इस बावडी की ओर से आते देखा था । चलो वहां देखते हैं । सभी लोगों ने जाकर बावडी में देखा तो भगवान की मूर्ति वहां मिल गई; परंतु बावडी का पानी खून से लाल हो गया था । लोग चकित हो गए । भगवान ने कहा, 'तुम लोगो ने मेरे भक्त को मारा है । मैं उसे कैसे चोट पहुंचने देता । तुम्हारे मारने पर उसको जो चोट लगी और चोट लगने से जो रक्त बहा, उन चोट से लगी पीडा को मैंने अपने शरीर पर ले लिया है । इसी कारण से मेरे शरीर से खून बह रहा है ।

# ऊर्जा बाजार की स्थिति बिगाड़ता युद्ध

*तेल की कीमतों में आई हालिया तेजी का स्पष्ट कारण होर्मुज के आसपास बने हालात हैं, क्योंकि यहां से रोजाना लगभग एक से 1.1 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आवाजाही होती है। इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई ने अपना उत्पादन बंद कर दिया है, क्योंकि वे अपने उत्पादों को बाहर भेजने में सक्षम ही नहीं हो पा रहे। इस कारण विश्व की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको को भी अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। सऊदी अरब की इस कंपनी ने अपने तेल की बिक्री के लिए लाल सागर स्थित बंदरगाह यानबू का सहारा लिया है। इसके बावजूद वह केवल 50 लाख बैरल तेल की आपूर्ति ही कर पा रही है, जबकि सामान्य दिनों वह 70 लाख बैरल तेल की आपूर्ति करती है। कुल मिलाकर, इस समय वैश्विक तेल आपूर्ति के 20 प्रतिशत हिस्से पर गतिरोध का ग्रहण लगा हुआ है। सोमवार को तेल की कीमतों में आई तेजी पर मंगलवार को तब कुछ विराम लगा, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह संकेत दिए कि यह लड़ाई ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। हालांकि बाजार और विश्लेषक उनके दावों से आश्वस्त नहीं। उन्हें तब तक आश्वस्ति मिलने से रही, जब तक तेल ढुलाई वाले जहाजों की होर्मुज से सुगम आवाजाही सुनिश्चित नहीं हो जाती। वर्तमान परिस्थितियों में विश्लेषकों को दो परिदृश्य नजर आ रहे हैं। अगर यह युद्ध जल्द समाप्त हो जाता है तो तेल की कीमतें 65 डालर प्रति बैरल के दायरे में आ सकती हैं। इसके उलट अगर लड़ाई लंबी खिंची और ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे को गंभीर क्षति पहुंचती है तो अगले छह महीनों में कच्चे तेल की कीमतें 150 डालर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।*



ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बीच होर्मुज जलमार्ग सुर्खियों में बना हुआ है। यह स्वाभाविक है, क्योंकि विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल एवं गैस की आपूर्ति इसके जरिये होती है। ईरान और ओमान के बीच एक स्थान पर महज 33 किलोमीटर संकरा यह जलमार्ग पश्चिम एशिया में छिड़े महासंग्राम के बाद से ही गतिरोध का शिकार बना हुआ है। इस अहम जलमार्ग के अवरुद्ध होने का खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ रहा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। युद्ध की आग ने तेल की कीमतों पर असर दिखाना शुरू कर दिया है। इस साल की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 60 डालर प्रति बैरल के स्तर पर थीं। ये कीमतें सोमवार को एक समय करीब 120 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। यानी दो महीने में कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। इससे पहले तेल की कीमतों में ऐसी उछाल जून 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के कुछ महीनों बाद देखी गई थी।

तेल की कीमतों में आई हालिया तेजी का स्पष्ट कारण होर्मुज के आसपास बने हालात हैं, क्योंकि यहां से रोजाना लगभग एक से 1.1 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आवाजाही होती है। इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई ने अपना उत्पादन बंद कर दिया है, क्योंकि वे अपने उत्पादों को बाहर भेजने में सक्षम ही नहीं हो पा रहे। इस कारण विश्व की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको को भी अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। सऊदी अरब की इस कंपनी ने अपने तेल की बिक्री के लिए लाल सागर स्थित बंदरगाह यानबू का सहारा लिया है। इसके बावजूद वह केवल 50 लाख बैरल तेल की आपूर्ति ही कर पा रही है, जबकि सामान्य दिनों वह 70 लाख बैरल तेल की आपूर्ति करती है। कुल मिलाकर, इस समय वैश्विक तेल आपूर्ति के 20 प्रतिशत हिस्से पर गतिरोध का ग्रहण लगा हुआ है। सोमवार को तेल की कीमतों में आई तेजी पर मंगलवार को तब कुछ विराम लगा, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह संकेत दिए कि यह लड़ाई ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। हालांकि बाजार और विश्लेषक उनके दावों से आश्वस्त नहीं। उन्हें तब तक आश्वस्ति मिलने से रही, जब तक तेल ढुलाई वाले जहाजों की होर्मुज से सुगम आवाजाही सुनिश्चित नहीं हो जाती।

वर्तमान परिस्थितियों में विश्लेषकों को दो परिदृश्य नजर आ रहे हैं। अगर यह युद्ध जल्द समाप्त हो जाता है तो तेल की कीमतें 65 डालर प्रति बैरल के दायरे में आ सकती हैं। इसके उलट अगर लड़ाई लंबी खिंची और ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे को गंभीर क्षति पहुंचती है तो अगले छह महीनों में कच्चे तेल की कीमतें 150 डालर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। बहुत आशावादी दृष्टिकोण भी यही कहता है कि इस पूरे साल भर कच्चा तेल 75 से 80 डालर प्रति बैरल के बीच दिखाई पड़ सकता है, जो उसका इस साल की शुरुआत से ऊंचा स्तर ही होगा। भारत के लिए यह बहुत असहज स्थिति होगी, क्योंकि आवश्यकता का 85 प्रतिशत तेल उसे आयात करना पड़ता है। कच्चे तेल में प्रति बैरल 10 डालर बढ़ोतरी का अर्थ होगा आयात पर खर्च में 12 से 15 अरब डालर का बोझ। इससे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ेंगी। इसका असर परिवहन, विनिर्माण और खाद्य तंत्र पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी और रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश घटेगी। तेल की चर्चा के बीच एलएनजी गैस के मुद्दे को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिसे लेकर खतरे की आहट सुनाई पड़ रही है। कतर का रास लफ्फान संयंत्र विश्व में एलएनजी निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र है, जो ड्रोन हमले के बाद से ही ठप पड़ा है। विश्व की कुल एलएनजी के 20 प्रतिशत की आपूर्ति अकेले कतर से होती है। इसमें अबूधाबी के गतिरोध को भी शामिल कर लिया जाए तो वैश्विक बाजार से एलएनजी की भारी खेप गायब हो गई। इसका असर भी दिखने लगा है। सर्दियां बीतने के बाद यूरोप को एनएलजी स्टोरेज के लिए उसकी बड़ी आवश्यकता है तो एशिया में गर्मियों की दस्तक के साथ ही एयर-कंडीशनर की मांग बढ़ने वाली है। बदले हालात में एक सप्ताह के भीतर ही गैस आयात में 26 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या गैस के मोर्चे पर इस किल्लत को अमेरिका और आस्ट्रेलिया दूर करने की स्थिति में हैं? ये दोनों ही देश अपनी पूरी क्षमताओं के साथ आपूर्ति में जुटे हैं, पर उससे शायद हल न निकले। मार्गन स्टैनली के अनुसार यदि महीने भर में कतर में बना गतिरोध दूर नहीं हुआ तो वैश्विक गैस आपूर्ति चरमराने वाली है।

शेयर बाजार भी इस घटनाक्रम की मार झेल रहे हैं। तेल के चढ़ने पर बाजार गिरावट का शिकार होते ही रहे हैं तो इस बार भी स्थिति अलग नहीं है। इस युद्ध की शुरुआत के बाद से ही भारत का सेंसेक्स भी करीब 5,100 अंकों की गिरावट झेल चुका है। गत 9 मार्च को ही अमेरिका के एसएंडपी में 1.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। दुनिया भर के बाजारों में भी गिरावट का रुझान है।

# सामाजिक समरसता को समर्पित संघ

*संघ की शाखाओं में जब स्वयंसेवक पंक्ति में खड़े होते हैं, तो वहां किसी की जाति, वर्ण या आर्थिक स्थिति नहीं पूछी जाती। संघ की शाखा स्वयं सामाजिक-समरसता का जीवंत प्रतीक है। आज जब राजनीतिक दलों द्वारा नागरिकों को मतदाताओं के रूप में और सामाजिक जाति समूहों को वोट बैंक के रूप में देखा जा रहा है और इनके आधार पर समाज के कृत्रिम विभाजन का प्रयास किया जा रहा है, तब संघ का सामाजिक समरसता का प्रयास अधिक आवश्यक, अधिक उपयोगी और अधिक प्रासंगिक होता जा रहा है। आज सामाजिक समरसता समाज की अपरिहार्य आवश्यकता है। यदि भारत को विश्वगुरु बनाना है तो जाति, भाषा और क्षेत्र की दीवारों को गिराना होगा। संघ का दृष्टिकोण स्पष्ट है, 'हम सब एक हैं और हमारी शक्ति हमारी एकता में है।' डा. हेडगेवार ने मंदिर प्रवेश आंदोलन में सक्रिय भागीदारी*

भारत की संस्कृति का मूल तत्व 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का आदर्श रहा है। यहां जाति, भाषा और प्रांत की विविधता होते हुए भी एक गहरी एकात्मता रही है। बाहरी आक्रमण और सामाजिक कुरीतियों के बावजूद भारत की एकात्मता आज तक कमजोर नहीं हुई, वह एक जैसी बनी हुई है। समाज को जाति-पांति, ऊंच-नीच के मानसिक बंधनों से मुक्त करने और हिंदू समाज को एक कर संगठित करने के लिए डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में आरएसएस की स्थापना की। उस समय भारत पराधीनता, सामाजिक भेदभाव, ब्रिटिश शासन, ईसाई मिशनरी और मुस्लिम लीग के षड्यंत्रों से संघर्ष कर रहा था। बाहरी आक्रांता चाहे मुगल हों या अंग्रेज, उन्होंने न केवल भारत का आर्थिक शोषण किया, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चेतना पर आघात का भी प्रयास किया, जिसमें वे पूरी तरह सफल नहीं हो पाए। ऐसे कठिन समय में संघ ने यह लक्ष्य रखा कि भारत को केवल राजनीतिक आजादी नहीं चाहिए, बल्कि उसे सांस्कृतिक, सामाजिक, वैचारिक और आध्यात्मिक रूप से भी स्वतंत्र होना होगा। संघ का उद्देश्य स्पष्ट था-समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना।' आरएसएस की स्थापना के बाद धीरे-धीरे इसकी शाखाएं पूरे देश में फैलने लगीं। संघ की कार्यप्रणाली का मूल आधार था-शाखा, जिसमें स्वयंसेवक प्रतिदिन खेल, योग, देशभक्ति गीत और अनुशासनात्मक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का विकास करते हैं। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने हाल में कहा, 'संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो समाज को जोड़ने और सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है।' संघ तीन प्रमुख बातों पर केंद्रित रहता है-आत्मविश्लेषण और सुधार, समाज के समर्थन को स्वीकार करना तथा राष्ट्र सेवा के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना। संघ की शाखाओं में जब स्वयंसेवक पंक्ति में खड़े होते हैं, तो वहां किसी की जाति, वर्ण या आर्थिक



स्थिति नहीं पूछी जाती। संघ की शाखा स्वयं सामाजिक-समरसता का जीवंत प्रतीक है। आज जब राजनीतिक दलों द्वारा नागरिकों को मतदाताओं के रूप में और सामाजिक जाति समूहों को वोट बैंक के रूप में देखा जा रहा है और इनके आधार पर समाज के कृत्रिम विभाजन का प्रयास किया जा रहा है, तब संघ का सामाजिक समरसता का प्रयास अधिक आवश्यक, अधिक उपयोगी और अधिक प्रासंगिक होता जा रहा है। आज सामाजिक समरसता समाज की अपरिहार्य आवश्यकता है। यदि भारत को विश्वगुरु बनाना है तो जाति, भाषा और क्षेत्र की दीवारों को गिराना होगा। संघ का दृष्टिकोण स्पष्ट है, 'हम सब एक हैं और हमारी शक्ति हमारी एकता में है।' डा. हेडगेवार ने मंदिर प्रवेश आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की, ताकि हर जाति के लोग एक ही देवालय में पूजा कर सकें। 1930-40 के दशक से ही दलित और वनवासी समाज को संघ की शाखाओं में बराबरी से स्थान मिला है। संघ ने 1925 में भेदभाव मिटाने की जो नींव रखी, उसे वह शिक्षा-सेवा के माध्यम से व्यवहार में उतार रहा है और भविष्य में एक समरस, संगठित और सशक्त भारत बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर भी भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर प्रवासी भारतीयों के बीच संघ शाखाएं और गतिविधियां चलाकर भारतीयता को जीवित रख रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों का इतिहास केवल एक संगठन की कथा नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना की गाथा है। इसने राष्ट्रीय चेतना को आचरण में उतारा, समाज को समरसता की ओर प्रेरित किया और करोड़ों स्वयंसेवकों ने समाज में सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना जगाई। आज संघ का योगदान और प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है। संघ का यह शताब्दी वर्ष इसका प्रतीक है कि यदि संगठन अनुशासन, सेवा और समरसता पर आधारित हो तो वह न केवल राष्ट्र को नई दिशा दे सकता है

# विपक्ष की हार

विपक्ष की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज होना ही था। इसे विपक्ष भी भली तरह जानता था और इसीलिए जब यह प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हुआ तो उसने मतदान की मांग नहीं की, क्योंकि वह समझ रहा था कि नतीजा बदलने वाला नहीं है। विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर यह दिखाने की कोशिश की थी, वह इसे लेकर बहुत गंभीर है, लेकिन जब उस पर बहस का समय आया तो वह पश्चिम एशिया के संकट पर चर्चा की मांग करने लगा। ऐसा नहीं है कि सरकार इस विषय पर बहस के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से



कांग्रेस ने यही प्रदर्शित किया कि वह अपनी ही ओर से लाए गए प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं। निःसंदेह राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें जो मन में आए, वह बोलने की अनुमति मिल जाए और वे अपने को संसदीय नियमों से परे समझें। वे अपनी समझ से जिन्हें गंभीर विषय बताते हैं और उन पर चर्चा के लिए जोर देते हैं, वे प्रायः हवा-हवाई और सनसनीखेज ही होते हैं। बीते कुछ दिनों से राहुल गांधी संसद के भीतर-बाहर इस पर जोर देने में लगे हुए हैं कि अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष समर्पण कर दिया है, लेकिन अभी तो यह समझौता हुआ ही नहीं है। इसके पहले वे यह सिद्ध करने की असफल कोशिश करने में लगे हुए थे कि चुनाव आयोग मोदी सरकार के इशारे पर मतदाता सूचियों का इस तरह विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर करने में लगा हुआ है, ताकि भाजपा को चुनावी लाभ मिले। सरकार के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप उछालना राहुल गांधी की अगंभीरता को ही दर्शाता है। वे संसद की कार्यवाही को लेकर भी गंभीर नहीं दिखते। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने अच्छी तरह रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पर खुद को सदन में न बोलने देने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी ने किस तरह 12 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। इसी तरह संसद के विभिन्न सत्रों के दौरान किस प्रकार उन्होंने विदेश यात्रा करना आवश्यक समझा। गृहमंत्री ने यह भी बताया कि सदन में उनकी उपस्थिति किस तरह बहुत कम रहती है।

## शिव मंदिर में महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** होली दरवाजा बाहर शिव मंदिर में महिलाओं ने शिव मंदिर में फाग उत्सव शिव परिवार की झांकी सजा करके मनाया। फूलों की होली खेली खेलकर लोगों की खुशी की कामना की। भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समाजसेवी अनिता सैनी के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने फूलों से होली खेली। इस अवसर पर रेखा सैनी, शांति देवी, मंगली देवी, गोविंदी देवी सहित कई महिलाओं ने भजनों का आनंद लिया।

## इकबालपुर मस्जिद में रोज़ा इफ्तार महफिल आयोजित

### सैकड़ों लोगों ने मिलकर खोला रोज़ा



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर मकराना शहर के इकबालपुर स्थित मस्जिद में बुधवार को रोज़ा इफ्तार की महफिल आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद सलीम गज्जदर की ओर से किया गया, जिसमें मस्जिद के नमाज़ियों सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इफ्तार के समय सभी लोगों के लिए रोज़ा खोलने की विशेष व्यवस्था की गई थी। अज़ान होते ही नमाज़ियों ने एक साथ रोज़ा खोला और अल्लाह तआला से अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। उपस्थित लोगों ने मोहम्मद सलीम गज्जदर के इस सामाजिक व धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए उनके लिए दुआ की कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में कामयाबी मिले। इस अवसर पर अब्दुल सकूर खिलजी, शहादत अली खिलजी, मोहम्मद रफीक खिलजी, मोहम्मद अयूब खिलजी, बंटी, अब्दुल मनन, मोहम्मद इस्लाम सहित इकबालपुर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इफ्तार कार्यक्रम के दौरान मस्जिद परिसर में आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना लोगों को आपसी प्रेम, सहयोग और इंसानियत का संदेश देता है तथा ऐसे आयोजन समाज में एकता को मजबूत करने का कार्य करते है।

## ठाकुर जी के मंदिर के विकास के लिए भामाशाह ने किया पाँच लाख का सहयोग



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** ग्राम भोपावास के बुजुर्गो व जागरूक युवाओं के प्रयासों से ठाकुर जी महराज मंदिर का ऐतिहासिक निर्माण कार्य हो रहा है। समाज सेवी शेष मीणा व करण दूण ने बताया कि शिवम इंफ्राटेक की ओर से ग्राम भोपावास के ठाकुरजी महाराज के मंदिर निर्माण के लिए 5 लाख की नगद राशि का आर्थिक सहयोग दिया गया। पूर्व में भी शिवम इंफ्राटेक की ओर से पड़सोली शिव मंदिर के लिए ब्लॉक टाइल्स निर्माण व ग्राम भोपावास की मुख्य आबादी क्षेत्र में हाई मास्क सोलर रोड लाइट उपलब्ध करवाई गई थी । इस दौरान क्षेत्र के भामाशाहों से अपील की गई कि इस भव्य मंदिर निर्माण में सभी यथा संभव आर्थिक सहयोग करे। मंदिर विकास समिति के जगदीश शेरावत, भागीरथ मीना, हरफूल रूंडला,रघुवीर मीना ने भामाशाहों का आभार प्रकट किया। इस दौरान गोपी मीना, भगवान सहाय शेरावत,ओंकार शेरावत, महेश मीना, महेंद्र सरावता, श्रवण चोपड़ा, जितेंद्र मीना, चौथमल मीना, राकेश मीना, गिरिराज मीना, सुरेश शेरावत, राजू शेरावत, बनवारी शेरावत, सूरज मीना, राकेश जैरी, रोहिताश मीना, रवि शेरावत, राजकुमार मीना, अजय मीना, मालीराम सरावता, कृष्ण मीना, ताराचंद मीना, रवि मीना, दीपक मीना, आशीष सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जेठ की मारपीट से दहशत में महिला व बच्चे

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** नरैना थाना क्षेत्र के मरवा गांव में एक महिला के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से महिला और उसके बच्चों में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़िता बादली मीणा पत्नी धूलेश्वर मीणा (32) निवासी मरवा ने रिपोर्ट में बताया कि 9 मार्च की रात उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसके शरीर पर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़िता ने मेडिकल करवाकर इसकी रिपोर्ट पुलिस को सौंपी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके जेठ किशनपाल ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता वर्तमान में अपने निवास स्थान पर अपने बच्चों के साथ अकेली रह रही है। घटना के बाद से वह और उसके बच्चे भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 126(2), 74 व 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई महेन्द्र कुमार खटीक को सौंपी गई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से उसे और उसके बच्चों को लगातार डर सता रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गौसेवा के लिए भामाशाहों का खुला खजाना

# श्रीराम गौशाला में आज ऐतिहासिक महाआयोजन, मंत्री जोराराम कुमावत करेंगे कई विकास कार्यों का लोकार्पण

### लोडिंग ऑटो व आरओ वाटर कूलर की सौगात, 3.18 लाख सहित लाखों की भेंट; पक्षी घर और निर्माण कार्य की घोषणाएं

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर की प्रतिष्ठित श्रीराम गौशाला में आज शुक्रवार को गौसेवा, समाजसेवा और जनसहभागिता के एक ऐतिहासिक महाआयोजन की साक्षी बनने जा रही है। गौशाला परिसर में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के गोपालन एवं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान गौशाला के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा तथा गौसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले भामाशाहों का मंच से भव्य सम्मान भी किया जाएगा।

श्रीराम गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौसेवा और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रभर में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में गौभक्त, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग तथा गणमान्य नागरिकों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। गौशाला समिति का मानना है कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज में गौसेवा और सेवा भावना को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण अवसर बनेगा।

### भामाशाहों के सहयोग से मजबूत होगी गौसेवा की व्यवस्था:

कार्यक्रम के दौरान सुमेरपुर के प्रमुख भामाशाह के.सी. जैन के सौजन्य से गौशाला को भेंट किए गए लोडिंग ऑटो रिक्शा का लोकार्पण मंत्री जोराराम कुमावत के करकमलों से किया जाएगा। यह वाहन गौशाला में चारा, पानी तथा अन्य आवश्यक सामग्री के परिवहन में अत्यंत उपयोगी साबित होगा और दैनिक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में ओएस मोटर्स के भामाशाह नरेश गेहलोत द्वारा गौशाला परिसर में श्रद्धालुओं और सेवकों के लिए आरओ मशीन सहित वाटर कूलर भेंट किया गया है। इसके लोकार्पण के बाद गौशाला में आने वाले गौभक्तों और सेवकों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे गौसेवा के साथ मानव सेवा का कार्य भी सशक्त होगा।

### कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गौशाला में हुई महत्वपूर्ण बैठक:

आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को गौशाला परिसर में अध्यक्ष धीरज सांखला की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सदस्यों को सौंपी गई। बैठक में उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, मंत्री भंवरलाल परमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पुरोहित, सलाहकार सदस्य चंपालाल चांदोरा, खीमाराम कुमावत, सहित बड़ी संख्या में गौशाला सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गौसेवा के लिए उदार सहयोग देने वाले भामाशाहों का मंच से विशेष सम्मान किया जाएगा। गौशाला सलाहकार समिति के सदस्य एवं मुंबई निवासी प्रमुख भामाशाह चम्पालाल चंदनमल अंबावत ने गौसेवा के लिए 3 लाख 18 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की है। गौशाला विकास में उनके इस योगदान को देखते हुए कार्यक्रम में उनका विशेष बहुमान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त माइक्रो लेब्स बालराई से जुड़े समाजसेवी दिलीप सुराणा द्वारा भी गौसेवा के लिए 2 लाख रुपए की राशि भेंट की गई है। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि उत्तम सुराणा का भी मंच से सम्मान किया जाएगा। गौशाला प्रबंधन ने इन भामाशाहों के योगदान को गौसेवा की प्रेरणादायी मिसाल बताया है।

### पक्षियों के संरक्षण और गौशाला विकास के लिए नई पहल:

कार्यक्रम में गौसेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मूलचंद नामदेव की प्रेरणा से शिव महिला मंडल तथा गौशाला की सदस्य मंजु बेन के संयुक्त तत्वावधान में गौशाला परिसर में पक्षी घर (बर्ड हाउस) के निर्माण की घोषणा की जाएगी। इससे पक्षियों को सुरक्षित आश्रय मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचेगा। इसके साथ ही जागनाथ महिला मंडल तथा गौशाला की सदस्या गीता बाई शांतीलाल रामीणा के मंडल द्वारा गौशाला में किसी निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 25 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की जाएगी, जिससे गौशाला के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### समाज में उत्साह, सपरिवार आने का आह्वान:

गौशाला समिति ने सभी सदस्यों, गौभक्तों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनें और गौसेवा के इस पवित्र अभियान को मजबूती प्रदान करें। गौशाला प्रबंधन का कहना है कि भामाशाहों के सहयोग और समाज की सहभागिता से गौशाला के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा गौसेवा का यह अभियान और अधिक सशक्त बनेगा। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई है।

## मकराना न्यायालय परिसर में कल लगेगी साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत

### अधिवक्ताओं की प्रि-लिटिगेशन बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति मकराना की ओर से वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 14 मार्च को न्यायालय परिसर मकराना में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को न्यायालय परिसर स्थित बाररूम में अधिवक्ताओं की प्रि-लिटिगेशन बैठक आयोजित की गई। ताल्लुका विधिक सेवा समिति के पेनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी ने बताया कि 14 मार्च को सुबह 10 बजे से विभिन्न बैचों की ओर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें आमजन अपने लंबित मामलों का राजीनामे के जरिए त्वरित निस्तारण करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, सिविल प्रकरण, पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, धन वसूली, क्लेम प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंकों से जुड़े प्रकरण, प्रि- लिटिगेशन मामले और राजस्व संबंधी प्रकरण जैसे नाम शुद्धिकरण, रास्ते के विवाद, बिजली-पानी और टेलीफोन से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। बार संघ अध्यक्ष शेख अकबर अली, संरक्षक गणपतलाल टांक और भंवराराम डूडी ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में निस्तारित करवाने के लिए पक्षकारों को प्रेरित करें, ताकि पुराने मामलों का त्वरित समाधान हो सके। ताल्लुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष व एडीजे मकराना सुश्री आशा चौधरी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिनके भी राजीनामा योग्य मामले लंबित हैं, वे राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर उनका निस्तारण करवाकर इसका लाभ उठाएं। बैठक में पेनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी, बार संघ अध्यक्ष शेख अकबर अली, संरक्षक गणपतलाल टांक, उपाध्यक्ष विजय सिंह राजपुरोहित, सचिव मो. शरीफ चौधरी, कोषाध्यक्ष साजिद खान, पुस्तकालयाध्यक्ष सारिका खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह, सगीर अहमद बेहलीम, देवीसिंह बीका, भंवराराम डूडी, राजेश चन्द्र पारख, दिलीप सिंह राठौड़, दिनेश कुमार सोनी, अमराराम चौधरी, नरेंद्र सिंह राठौड़, अब्दुल मतीन, खलील अहमद, अब्दुल मजीद गैसावत, अबरार अहमद गैसावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, मुजफ्फर हुसैन, पी.पी. हरिकृष्ण, अर्जुनराम धौलिया, रामनिवास चौधरी, राजुराम चौधरी, राममनोहर डूडी, भूवनेश टांक, शंकरदान चारण, आबिद गौड़, असलम बेहलीम, अनवर मालावत, शेर खान, वसीम बेहलीम, मो. इमरान गैसावत, अनिल सोनी, शुभम माहेश्वरी, शेखर चौधरी, ललित चौधरी, मो. जावेद खान, मो. इमरान सिसोदिया, जुबैर अहमद, शोएब रज्जा, सगीर राठौड़, आशिष शर्मा, समीर अहमद, रऊफ भाटी, सद्दाम हुसैन, शब्बीर अहमद सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## 75 मीटर चौड़ीकरण के विरोध में व्यापारी लामबंद

### बाईपास निर्माण की मांग को लेकर 16 को होगी बड़ी बैठक



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राजस्थान हाईकोर्ट के आदेशों के बाद पूरे राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 75 मी निर्माण हटाने के आदेश को लेकर विराटनगर कस्बे से होकर गुजर रहे एनएच 248 ए पर भी प्रस्तावित 75 मीटर सेंटर चौड़ीकरण के विरोध में गुरुवार को स्थानीय व्यापारियों और प्रभावित नागरिकों ने हुंकार भरी। बस स्टैंड स्थित हनुमान बगीची में आयोजित एक आम सभा में व्यापारियों ने प्रशासन के इस कदम पर कड़ा रोष व्यक्त किया। काशीराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कस्बे के अस्तित्व को बचाने के लिए चौड़ीकरण के बजाय बाईपास का निर्माण ही एकमात्र समाधान है। व्यापारियों ने बताया कि पूर्व में बाईपास की प्रक्रिया 3ष्ठ कार्यवाही पूरी हो चुकी थी और निशान भी लगा दिए गए थे, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से इसे आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। बैठक में मांग की गई कि उसी रुकी हुई बाईपास प्रक्रिया को पुनः सुचारू रूप से चालू किया जाए।

**आगामी रणनीति और जनप्रतिनिधियों से संवाद**

व्यापारियों ने आंदोलन को तेज करने के लिए 16 मार्च सोमवार को सुबह 11:00 बजे हनुमान बगीची बस स्टैंड पर एक विशाल आम सभा बुलाई गई है।ओर बताया कि 16 तारीख की बैठक के बाद एक चयनित प्रतिनिधि मंडल सांसद राव राजेंद्र सिंह व विधायक कुलदीप धनखड़ से मिलकर समस्या के स्थायी समाधान के लिए चर्चा करेगा।इस आंदोलन की सफलता के लिए 15 मार्च को कस्बे में माइक से प्रचार- प्रसार किया जाएगा और बैनर लगवाए जाएंगे। बैठक में बड़ी संख्या में प्रभावित लोग और व्यापार मंडल के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में बाईपास निर्माण की मांग का समर्थन किया। उपस्थित लोगों का कहना है कि विराटनगर एक ऐतिहासिक और सघन बसावट वाला कस्बा है। अगर कस्बे के बीचों-बीच से 75 मीटर चौड़ी सड़क निकलती है, तो व्यापारियों की दुकानें और लोगों के घर बड़ी संख्या में टूटेंगे। इसीलिए यहां के लोग बाईपास की मांग कर रहे हैं, ताकि हाईवे कस्बे के बाहर से निकल जाए और कस्बे का बाजार सुरक्षित रहे।

## जिले में निर्बाध रहेगी घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति- जिला:श्रीनिधि बी टी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि मध्य-पूर्व देशों के बीच संकट की स्थिति के दौरान जिले में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति निर्बाध रखी जाएगी। वर्तमान में भी इसमें किसी तरह का व्यवधान नहीं है। जिले में प्रतिदिन की मांग के अनुरूप रसोई गैस की उपलब्धता है और इसकी नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन वर्तमान हालात में रसोई गैस सिलैण्डरों की कालाबाजारी और रिफलिंग की रोकथाम के लिए कड़ी निगरानी रख रहा है। जिला कलक्टर ने यह बात गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जिले को रसोई गैस की आपूर्ति लगातार मिल रही है। जिसे उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचाया जा रहा है। एक बार बुकिंग के पश्चात उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन का प्रतीक्षाकाल रहेगा। केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार व्यावसायिक कनेक्शनों पर गैस आपूर्ति को प्रतिबंधित किया गया है तथा घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए टीमें गठित कर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विजलेंस टीमें कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने के लिए कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल व छात्रावास आदि संस्थाओं में भी गैस सिलैण्डरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिला कलक्टर ने कहा कि घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए सूचना तंत्र को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे भयभीत न हो और गैस सिलैण्डरों का अनावश्यक भण्डारण नहीं करे। पत्रकार वार्ता में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, जिला रसद अधिकारी मणि खिंची सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ओडीएफ' के दावों की खुली पोल

## सांडेराव बस स्टैंड पर महिलाओं को झाड़ियों की ओट में जाना पड़ रहा मजबूरी



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/सांडेराव।** सरकार जहां एक ओर देश को खुले में शौच मुक्त बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं सांडेराव रोडवेज बस स्टैंड पर हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। यहां महिला यात्रियों के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें आज भी मजबूरन झाड़ियों और दीवारों की ओट में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। इससे महिलाओं को भारी परेशानी और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय विधायक एवं राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की पहल पर करीब 55 लाख रुपए के बजट से सांडेराव रोडवेज बस स्टैंड का जिर्णोद्धार कार्य करवाया गया था। पुराने शौचालय को तोड़कर नया सुलभ कॉम्प्लेक्स भी बनाया गया, लेकिन निर्माण के कई महीने बाद भी यह शौचालय शुरू नहीं हो पाया है और उस पर ताला लटका हुआ है।

स्थिति यह है कि बस स्टैंड पर आने वाली महिला यात्रियों को खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं पुरुषों के लिए बनाए गए मूत्रालय की हालत भी खराब है और वहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

हाल ही में हरियाणा से आई एक महिला यात्री ने बस स्टैंड की बदहाल स्थिति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए तंज कसा कि 'राजस्थान में सब कुछ मिल सकता है, लेकिन सार्वजनिक शौचालय नहीं।' इस समस्या को लेकर मारवाड़-गोडवाड़ जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जयदेव सिंह राणावत ने कहा कि 55 लाख रुपए से जिर्णोद्धार के बावजूद निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जिससे महिला यात्रियों सहित अन्य लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

वहीं क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर जल्द ही सांडेराव बस स्टैंड पर महिलाओं सहित सभी यात्रियों के लिए सुविधाएं शुरू करवाई जाएंगी।

फालना आगार की प्रबंधक रूचि पंवार ने भी स्वीकार किया कि सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य अधूरा है और जल्द ही इसे पूरा कराकर यात्रियों के लिए सुविधाएं शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

फिलहाल सवाल यही है कि करोड़ों के विकास कार्यों के दावों के बीच आखिर सांडेराव बस स्टैंड पर महिलाओं को सम्मानजनक शौचालय की सुविधा कब मिलेगी।

## परिवादियों के दर्ज कराए गए मामलों का संवेदनशीलता के साथ करें शीघ्र निस्तारणः नलिनी कठौतिया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अटल जनसेवा शिविर के अंतर्गत गुरुवार को पंचायत समिति सैपऊ के वीसी सभागार में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन संभागीय आयुक्त भरतपुर नलिनी कठौतिया की अध्यक्षता में किया गया। संभागीय आयुक्त कठौतिया ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल जनसेवा शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवादियों द्वारा दर्ज कराए गए मामलों का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 36 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 5 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष परिवादों को ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही व शीघ्र निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया। प्राप्त परिवादों में विद्युत बिल एवं विद्युत तार ठीक कराने से संबंधित 2 परिवाद जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से जुड़े रहे। मृत्यु प्रमाण पत्र, बंद पेंशन तथा राशन कार्ड से संबंधित 8 परिवाद पंचायत समिति सैपऊ के विकास अधिकारी कार्यालय से संबंधित रहे। वहीं नाले की सफाई, पार्क निर्माण एवं मकान निर्माण में आ रही बाधाओं से जुड़े 3 परिवाद नगर पालिका सैपऊ से संबंधित रहे। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने से संबंधित 8 परिवाद रसद विभाग धौलपुर के समक्ष प्रस्तुत हुए। किसान सम्मान निधि, अतिक्रमण हटाने, न्यायालय के निर्णय, नाम शुद्धिकरण तथा दाखिला-खारिज नहीं खोलने से संबंधित 12 परिवाद राजस्व विभाग से जुड़े रहे। वरिष्ठ सहायक के पद पर पदस्थापन से संबंधित 1 परिवाद जिला परिषद धौलपुर तथा दस्तावेज नाम शुद्धिकरण से जुड़े 2 परिवाद बीडीओ सैपऊ कार्यालय से संबंधित पाए गए। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी बंशीधर योगी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वार्ड 36 में रोजेदारों ने रोजा खोलकर मांगी अमन-चैन की दुआ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर वार्ड 36 में दौलतखानी परिवार नौजवान कमेटी की ओर से बुधवार को रोजा इफ्तार दावत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया और मगरिब की अजान के साथ ही रोजा खोला। 21वें रोजे पर यह इफ्तार दावत आयोजित की गई। इस दौरान रोजेदारों ने रोजा खोलकर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान ने बताया कि चूरू में हमेशा से ही आपसी भाईचारा और सौहार्द पूर्वक त्योहारों को मनाते हैं। उन्होंने बताया कि चूरू एक गंगा जमुना तहजीब है, हमारा भारत दुनिया का सबसे अच्छा और विकसित देश है। मगरिब की नवाज उर्दू अदीब करामत खान ने अदा करवायी। इस अवसर पर सीआई मुकुट बिहारी मीणा, डॉ. महेश शर्मा, मेगाराम गोदारा, भास्कर शर्मा, पीसीसी महासचिव मुस्ताक खान, अख्तर खान, सुरेंद्र बावलिया, पार्षद राजकुमार शर्मा, हाजी शरीफ सोलंकी, हाकम अली खान, यूनुस खान, सज्जन टाक, नौशाद खिलजी, मोहम्मद हुसैन, रमजान खान, इरशाद भाटी, धोलू खां, निजाम खान, मकसूद खान, तारिक खिलजी, इस्लाम खान, नासिर खान, अकरम खान सहित बड़ी संख्या में रोजेदार व शहर के लोग उपस्थित रहे।

## दूषित पेयजल सप्लाई से लोग परेशान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं)।** नूर नगर स्थित मदीना मस्जिद के पास के मोहल्ले में दूषित पाने सप्लाई में आने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निवर्तमान पार्षद एडवोकेट सलीम खान ने बताया कि रमजान के माह में भी दूषित पेयजल की सप्लाई आई है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एडवोकेट सलीम खान ने प्रशासन से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

## सडक हादसे में एक की मौत, तीन घायल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** छापर रोड़ स्थित आनंद होटल के सामने तेज रफ्तार कार जो, बाईक चालक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई। कार दो पेड़ों से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार झुंझुनूं निवासी एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया है। मृतक राजवीर पिलानी का निवासी है। जबकि घायलों में टीलूराम निवासी दुलानिया, चैनरूप बोथियासर, मोतीलाल पड़िहारा के नाम शामिल हैं।

## आईएएस में चयन होने पर प्रीति जेवरिया का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम भारु में गुरुवार को नव चयनित IAS प्रीति जेवरिया तांतीजा का ननिहाल भारु में सर्वसमाज की ओर से बड़े धूमधाम सम्मान किया गया। कन्हैयालाल रोहिल्ला ने बताया कि उनकी भांजी प्रीति जेवरिया तांतीजा का लोक सेवा आयोग UPSC की प्रतिष्ठित द्धस परीक्षा में चयन होने पर भारु के ग्राम चौक में मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार पूर्व सांसद झुंझुनूं ने प्रीति जेवरिया को साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में शिवचन्द सिंह दनेवा, रामदेव सिंह, शशि भारु सरपंच प्रतिनिधि, राकेश भारु प्रधानाचार्य, फुलचंद रोहिल्ला, बीरबल सिंह चिरानीया फतेहपुर, राजेंद्र सिंह फूशखानी भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, पूर्व भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष मंडावा अजय वर्मा नुआ, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सतवीर बरवड़ आदि मंचासीन अतिथि रहे। कार्यक्रम में गांव के नागरिकों ने भव्य स्वागत कर सम्मान किया। मंच संचालन व्याख्याता विजय सिंह स्वामी ने किया। भीम आर्मी मीडिया प्रभारी अनुराग भारु, हरीश मास ग्रुप लाइब्रेरी झुंझुनूं, कमलेश काला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकाश इशरवाल, राजेंद्र सिंह, राकेश, सीमा देवी पूर्व सरपंच भारु सहित गांव के लोगों को ने आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ को दी श्रद्धांजलि, उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय सूचना केंद्र में गुरूवार को वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ को श्रद्धांजलि अर्पित कर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों और जनसंपर्क कर्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसम्पर्क उपनिदेशक कुमार अजय ने कहा कि नारायण बारेठ राजस्थान की मिट्टी से जुड़े ऐसे महान पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी कलम और आवाज से पत्रकारिता को नई ऊंचाइयां प्रदान की। उन्होंने कहा कि बारेठ का व्यक्तित्व केवल प्रदेश तक सीमित नहीं था, बल्कि देश और दुनिया के पत्रकारों के साथ उनके गहरे संबंध थे। अपनी निष्पक्ष और निर्भिक पत्रकारिता के बल पर उन्होंने जो सम्मान अर्जित किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर सहायक जनसम्पर्क अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि नारायण बारेठ ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम माना। उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया। उनकी सादगी, स्पष्ट सोच और पत्रकारिता के प्रति समर्पण हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चूरू की धरती से निकले बारेठ पत्रकारिता जगत की महान हस्ती थे। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष देशदीपक किरोड़ीवाल ने कहा कि बारेठ जैसे पत्रकार विरले ही होते हैं। उन्होंने पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखते हुए नई पीढ़ी को पत्रकारिता का मूल उद्देश्य और सत्य से अवगत करवाया। किशन उपाध्याय ने कहा कि नारायण बारेठ का जीवन पत्रकारिता की प्रतिबद्धता और साहस का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि बारेठ ने हमेशा तथ्यों और सत्य के साथ खड़े होकर पत्रकारिता की मर्यादा को कायम रखा। उनकी लेखनी में गहराई, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों की स्पष्ट झलक दिखाई देती थी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सिंह शेखावत, जमील खान, नरेश भाटी, मनोज शर्मा, देवराज लाटा, राहुल शर्मा, जगदीश सोनी, ललित चौहान, विजय चौहान, महेंद्र सोनी, अख्तर मुगल, मंगेज सिंह, अक्षेता, प्रदीप, दुलीचंद सोनी, विजय रक्षक सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और जनसम्पर्ककर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर घबराने की जरूरत नहीं, कालाबाजारी करने पर होगी सख्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले में एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़ ने स्पष्ट किया है कि जिले में रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को घबराने की कतई आवश्यकता नहीं है। डॉ. राठौड़ ने बताया कि विभाग जिले में एलपीजी की उपलब्धता पर लगातार नजर बनाए हुए है। तेल कंपनियों के साथ लगातार कॉर्डिनेशन किया जा रहा है। जिले में गैस का स्टॉक पर्याप्त बना रहे। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से अपील भी ?की है कि अफवाहों पर ध्यान न दे। इसके साथ ही कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### डीएसओ बोलीं- गैस एजेंसियों को दिए सख्त निर्देश:

जिला रसद अधिकारी ने कहा कि जब लोग डर के कारण जरूरत से ज्यादा सिलेंडर की बुकिंग या स्टॉक शुरू कर देते है। इससे व्यवस्था बिगड़ रही है। प्रशासन ने जिले की सभी गैस एजेंसियों को सख्त हिदायत दी है कि वे उपभोक्ताओं पर किसी भी प्रकार का दबाव न बनाएं और होम डिलीवरी की व्यवस्था को प्राथमिकता दें। वितरण प्रक्रिया में किसी




भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. निकिता राठौड़ ने चेतावनी दी है कि यदि कोई गैस वेंडर, एजेंसी या अन्य व्यक्ति गैस सिलेंडरों की जमाखोरी करता है, बाजार में कृत्रिम अभाव पैदा करता है, या निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर गैस बेचता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रशासन ने अपील की है कि ?यदि कहीं भी कालाबाजारी और अवैध स्टॉक की जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी शेयर करें।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुरू होगा अभियान

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया है। इसके तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा प्रमुख कैंसर है और इसके लगभग 99.7 प्रतिशत मामले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होते हैं। इस वायरस से बचाव के लिए प्रभावी वैक्सीन पिछले करीब 20 वर्षों से विश्व के 155 देशों में उपयोग में ली जा रही है।भारत सरकार ने 28 फरवरी 2026 को गार्डासिल-4 वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के साथ ही जननांग, गुदा, मुख और गले के कैंसर के अलावा मस्सों से भी बचाव में सहायक है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और टीकाकरण से पहले बालिका का भोजन या नाश्ता किया होना आवश्यक है।अभियान के पहले चरण में उन बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा जिनकी आयु 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और 15 वर्ष अभी नहीं हुई है। अभियान की शुरुआत से आगामी तीन माह तक 15 वर्ष से 90 दिन तक की बालिकाओं को भी टीकाकरण का लाभ दिया जाएगा। आयु का सत्यापन आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा और अभिभावकों की सहमति ओटीपी से ली जाएगी।बालिकाओं का पंजीकरण सेल्फ रजिस्ट्रेशन, प्री-रजिस्ट्रेशन और ऑन-साइट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से किया जा सकेगा। जिन बालिकाओं को पूर्व में किसी भी ब्रांड की एचपीवी वैक्सीन लग चुकी है, उन्हें पुनः टीकाकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी।लक्ष्मणगढ़ व नेछवा ब्लॉक में टीकाकरण के लिए जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़, सीएचसी बलारां, पालड़ी, पाटोदा, जाजोद, उपजिला अस्पताल नेछवा, सीएचसी मंगलूणा व गाड़ोदा सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों को वैक्सीनेशन साइट बनाया गया है।उपखंड अधिकारी व उपखंड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ़ ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्राम पंचायत स्तर के कार्मिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की पात्र बालिकाओं के अभिभावकों को जागरूक कर टीकाकरण के लिए प्रेरित करें, ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव की इस मुहिम को सफल बनाया जा सके।

## सिरे मंदिर में धर्म सभा को लेकर बैठक बैठक

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर शहर के तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखाडे में गुरुवार को पीर गंगानाथ महाराज की अध्यक्षता में सिरे मंदिर धाम पर रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वी वर्षगांठ पर महायज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ व धर्म सभा में गोरखपुर के पीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के आगमन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के व्यवस्थापक पारममल परमार ने बताया कि सिरे मंदिर धाम पर प्राचीन आराध्य धाम रतनेश्वर महादेव मंदिर की 375 वीं वर्षगाठ पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में 15 व 16 मार्च को दो दिवसीय कार्यक्रम में महायज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ व विशाल धर्मसभा का आयोजन पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में सिरे मंदिर धाम पर किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। उनकी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा को लेकर बैठक में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी प्रदान की गई। दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सिरे मंदिर धाम पर तैयारियों जोरों पर जारी है। वहीं योगी आदित्यनाथ महाराज के सिरे मंदिर धाम पर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं की ओर से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में कार्यकर्ताओं को कहा गया कि इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ता पूर्ण लगन के साथ कार्य करें। बैठक में योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी रेवती नाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, योगी साईनाथ महाराज, योगी शेरनाथ महाराज, योगी गोपालनाथ महाराज का सानिध्य रहा। 15 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज चितोडगढ



से दोपहर 1.55 बजे हैलीकॉप्टर से रवाना होकर सिरे मंदिर रोड स्थित शांतिनाथ आदर्श विधा मंदिर स्कूल ग्राउंड में दोपहर 2.45 बजे पहुंचकर विद्यालय भवन का अवलोकन करेंगे। वहां से पैदल मार्ग की ओर से दोपहर 4 बजे रवाना होकर सिरे धाम के लिए रवाना होगे। वही सिरे मंदिर तलहटी पर योगी आदित्यनाथ महाराज ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथ महाराज की प्रतिमा के समक्ष अपनी आस्था प्रकट कर सिरे मंदिर धाम की ओर प्रस्थान करेगे। वही तलहटी पर भक्तों की ओर से योगी आदित्यनाथ महाराज का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सिरे मंदिर धाम पर पहुंचकर वहा देवी देवताओं व पीर शांतिनाथजी महाराज की समाधि के दर्शन कर पीर गंगानाथ महाराज से भेंट कर देश में खुशहाली व शांति की कामना करेगे। योगी आदित्यनाथ महाराज रात्रि को सिरे मंदिर धाम पर ही विश्राम करेगे। वही 16 मार्च को प्रातः 6.30 बजे से श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर महायज्ञ की पूर्णाहुति देगे। इसके बाद सिरे मंदिर धाम स्थित कन्यागिरी प्रागंण में प्रातः 10 बजे विशाल धर्म सभा को सम्बोधित करेगे। धर्म सभा के समापन के बाद प्रातः 11.50 बजे पुनः हैलीपेड पहुंचेगे। जहा से हैलीकाप्टर से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा वहा से उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सिरे मंदिर धाम धार्मिक यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता इंतजाम किया गया है।

## दस वर्ष पुराने मामले में अभियुक्त दोषमुक्त

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने एनडीपीएस के एक दस वर्ष पुराने प्रकरण में अभियुक्त को दोषमुक्त किया है। मामले में अभियुक्त की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता पवन योगी ने बताया कि तारानगर पुलिस ने सारायण निवासी मनीराम नाथ के कब्जे से 7 किलो 900 ग्राम गांजा बरामदगी के मामले में आरोप पत्र पेश किया था जिसमें न्यायालय ने दस वर्ष लम्बे विचारण के बाद अभियुक्त मनीराम नाथ को दोषमुक्त घोषित कर दिया। अभियुक्त मनीराम नाथ की ओर से मामले में पैरवी एडवोकेट पवन योगी, महेन्द्र कुमार यादव, प्रदीप योगी व बलवान शिला ने की।

## 3 घंटे रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** 132 केवी जीएसएस सुजानगढ़ से निकलने वाले 33 केवी छापर फीडर की विद्युत आपूर्ति 13 मार्च को 3 घंटे के लिए बाधित रहेगी। ग्रामीण सहायक अभियंता मुकेश कुमार देवड़ा ने बताया कि प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक ओवरब्रिज निर्माण कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बंद होगी, जिससे गोपालपुरा, गनोड़ा, गुलेरिया, छापर, रणधीसर से निकलने वाले फीडरों के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति तीन घंटे के लिए बंद रहेगी।

## गणगौर पूजन महिलाओं ने गीतों के साथ की पूजा

**मण्डावा(निस)।** क्षेत्र में16 दिवसीय गणगौर पूजा का अनुष्ठान शुरू हो गया है। होली के दूसरे दिन से ही महिलाएं और युवतियां इस पारंपरिक पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाना शुरू कर देती हैं। बुधवार को शहर क विभिन्न मोहल्लों व कॉलोनी में महिलाओं ने एकत्रित होकर मंगल गीत गाते हुए सामूहिक रूप से गणगौर का पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की और घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस पूजा में विशेष रूप से सुहागिन महिलाएं सज-धज कर शामिल होती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां अच्छे वर की कामना के साथ पूरे 16 दिनों तक गणगौर का व्रत और पूजन करती हैं। पूजन कार्यक्रम में रेखा, पिंकी, पायल, चंदा, अल्पना, रेनू, डोली, सरला और गुंजन सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## श्रम कल्याण उपकर जमा नहीं करने वाले संस्थानों से होगी वसूली व कुर्की

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले में श्रम कल्याण उपकर जमा नहीं करवाने वाले 8 संस्थानों के विरुद्ध वसूली व कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। श्रम कल्याण अधिकारी बुधराम ने बताया कि लंबे समय से श्रम उपकर बकाया चल रही 8 संस्थानों के जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय की वसूली शाखा से वसूली व कुर्की आदेश जारी हुए हैं जिसमें जगदम्बा हॉस्पीटल जालोर के 2,27,700 रूपए, सिटीलाइट हॉस्पीटल बाड़मेर रोड़ कमालपुरा, सांचोर के 6,01,427 रूपए, होटल शक्ति पैलेस, थलवाड़ सायला के 8,37,216 रूपए, आनंद हॉस्पीटल, गणपति मंदिर के सामने मैन बाजार सांचोर के 1,43,550 रूपए, सीएम सिटी सेन्टर कॉम्पलेक्स सांचोर के 24,71,040 रूपए, डायालाल जैन पुत्र सुमेरमल जैन व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, डागा हॉस्पीटल के सामने रानीवाड़ा के 12,67, 200 रूपए, जे.के. ट्रांसपोर्ट आहोर के 35,888 रूपए तथा रतनाराम घांची, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स 22 दुकान के पीछे, रानीवाड़ा के 2,00,860 रूपए के वसूली आदेश जारी हुए हैं। इन संस्थानों को बकाया राशि के साथ जमा करवाए जाने की तिथि 2 प्रतिशत मासिक ब्याज के साथ जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि राज्य में भवन व अन्य संनिर्माण श्रमिक कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 लागू है जिसके तहत 27 जुलाई, 2009 के पश्चात् निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक व निजी (आवासीय) भवनों व निर्माण कार्यों की लागत पर 1 प्रतिशत उपकर (सेस) देय है। राजस्थान में अभी तक किसी भी वर्ग या निर्माण कार्य पर उपकर राशि की छूट नहीं है। भवन निर्माण करने वाले मालिक या नियोजक को निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की सूचना 30 दिवस की अवधि में निर्धारित प्रपत्र में श्रम विभाग को दिया जाना आवश्यक है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने या उपकर राशि निर्धारण होने के 30 दिवस की अवधि में जो भी पहले हो, उपकर राशि को जमा करवाना आवश्यक है। नियोजक की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत पर देय उपकर अग्रिम भी जमा करवाया जा सकता है। उपकर (सेस) के तहत वसूली जाने वाली राशि निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में व्यय की जाती है। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई, 2009 के बाद निर्मित सरकारी, वाणिज्यिक व निजी आवासीय भवनों व निर्माण कार्यों को उपकर (सेस) के दायरे में रखा गया है जिनमें से 10 लाख रूपये से कम लागत के बनाए गए केवल आवसीय भवनों को उपकर सेस के दायरे से बाहर रखा गया है। 10 लाख रूपये की लागत से ज्यादा की लागत से अगर कोई आवासीय मकान बनाता है तो उससे भी एक प्रतिशत उपकर (सेस) वसूला जाएगा। व्यावसायिक भवन निर्माण करवाने पर कोई छूट नहीं है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत श्रम विभाग की ओर से जिले में अब तक 1173 मालिकों/नियोजकों को नोटिस जारी किये गये हैं तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 207 से अधिक निर्माण स्थल (आवासीय व व्यावसायिक) के मालिकों को नोटिस दिए गए हैं। इन प्रकरणों में नियत समय में राशि जमा नहीं करवाए जाने की स्थिति में वसूली के लिए जिला कलक्टर को प्रेषित किये जायेंगे। प्रारंभ में भवन मालिक/नियोजक को निर्माण से संबंधित दस्तावेज अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। नोटिस के बाद उपकर (सेस) जमा नहीं करवाने पर श्रम विभाग स्वयं निर्माण की लागत निकालकर भवन मालिक के विरूद्ध एक पक्षीय उपकर (सेस) निर्धारण आदेश जारी करेगा। उपकर राशि देय होने की अवधि में जमा नहीं करवाने की स्थिति में 24 प्रतिशत वार्षिक की दर से नियोजक पर ब्याज आरोपित किये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा उपकर की निर्धारित अवधि में नहीं करवाने पर 100 प्रतिशत पेनल्टी का भी प्रावधान है।

**Office of Executive Engineer WDSC, Churu**

S.No. 729 Date 07/03/2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 09/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 36.577, are invited from interested bidders from 07.03.2026, 10:00 AM to 16.03.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state/ departmental website.

NIB Ref.No. ENIT_09_2025_26_XEN_CHURU
NIB Code - WSC2526A1849
UBN - WSC2526WSOB03153

DIPR/C/5132/2026

मजहर हुसैन
अधिशाषी अभियन्ता
ज. प्र. वि.एवं भू-संरक्षण विभाग
पंचायत समिति, चूरू

**SE CUM PROJECT MANAGER, WCDC, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, CHURU**
E-mail ID :- SEWDSC.CHURU@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक : एफ3 ()7 अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी / चूरू / निविदा/2025-26/2799 दिनांक : 06/03/26

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 24/ YEAR 2025-26**

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 05.00 PM on 16.03.2026 as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in or https:// watershed.rajasthan.gov.in) bof the state departmental website. Please Publish in One State Level & One Regional/Local daily News Paper (As per Rule) in Minimum Space.

| S.No. | Block | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | Bidasar | WSC2526A1846 | WSC2526WSOB03150 |

DIPR/C/5099/2026

S. E & P. M
WCDC, Churu

## उपखंड स्तरीय जन सुनवाई में आए 5 परिवाद



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई पंचायत समिति के अंदर भारत निर्माण राजीव सेवा केंद्र के अंदर बीसी रूम में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा ने की बैठक में उपखंड अधिकारी ने बताया की जनसुनवाई के दौरान सुबह 10 बजे से 2:00 बजे तक पांच आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक प्रकरण पेंशन का था जिसे मौके पर निस्तारण किया गया है बाकी के चार परिवाद संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान के लिए भेजे गए हैं। उपखंड अधिकारी की जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 914500 रुपए भुगतान न करने पर नगर पालिका राजाखेड़ा पर कुर्की वारंट चस्पा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** सिविल न्यायालय राजाखेड़ा के आदेश की पालना नहीं करने पर नगर पालिका राजाखेड़ा के खिलाफ कुर्की वारंट चस्पा किया गया है। न्यायालय के कर्मचारियों ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय पर पहुंचकर कुर्की वारंट का नोटिस चस्पा किया। जानकारी के अनुसार सिविल न्यायालय राजाखेड़ा में प्रकरण संख्या 4/2019 राम खिलाड़ी बनाम नगर पालिका राजाखेड़ा में न्यायालय ने 14 जनवरी 2021 को निर्णय सुनाते हुए नगर पालिका को प्रतिदिन 500 रुपए के हिसाब से राशि अदा करने के आदेश दिए थे। नगर पालिका द्वारा निर्धारित राशि जमा नहीं कराने पर मामले को लेकर धौलपुर सिविल सेशन न्यायालय में अपील दायर की गई। सेशन न्यायालय धौलपुर ने भी राजाखेड़ा न्यायालय के फैसले को सही ठहराते हुए आदेश की पुष्टि कर दी। इसके बाद 26 फरवरी 2026 को सिविल न्यायालय राजाखेड़ा ने नगर पालिका राजाखेड़ा को कुल 9 लाख 14 हजार 500 रुपए का भुगतान करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद नगर पालिका की ओर से राशि का भुगतान नहीं किया गया। आदेश की अवहेलना होने पर गुरुवार को सिविल न्यायालय राजाखेड़ा के कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर कुर्की वारंट का नोटिस चस्पा किया। इस कार्रवाई के बाद नगर पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया और मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

## कंचनपुर अटल सेवा केंद्र पर एमएसएमई वुड एंड फर्नीचर प्रशिक्षण का समापन

### 30 प्रतिभागियों को मिले प्रमाण पत्र



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/बाड़ी(निस)।** बाड़ी क्षेत्र के कंचनपुर अटल सेवा केंद्र पर आयोजित एमएसएमई परफॉर्मेंस वुड एंड फर्नीचर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लेकर कौशल विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वुड व फर्नीचर निर्माण से संबंधित कार्यों के साथ स्वच्छता, सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों और कार्य के दौरान सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी। समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार के लिए तैयार करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने कौशल के आधार पर रोजगार के अवसर सृजित कर सकें। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी आशा मीणा, संचालक सब देव कुशवाहा, रणवीर सिंह गुर्जर, प्रशिक्षक रंजीत गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नवरात्रा में होगा 151 कन्याओं का पूजन, 9 दिनों तक होंगे धार्मिक आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** माँ जीण माता नागरिक परिषद व भंवरी देवी प्रजापत की प्रेरणा से विनोद कुमार - सीताराम प्रजापत के संयुक्त तत्वावधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर बसंत नवरात्रि महोत्सव 19 से 27 मार्च तक कंन्दोई बिल्डिंग के पीछे मालियों के चौक में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक आदुराम सैनी ने बताया कि 19 मार्च को माँ के नवरात्रि की घटस्थापना विधिवत रूप से शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। फूलों से माँ का दरबार सजा कर श्रृंगारित किया जाएगा तथा हर्ष भेरूजी व जीण माताजी की अखंड ज्योत को प्रज्वलित किया जाएगा। नौ दिन तक चलने वाले महोत्सव में प्रतिदिन सुबह - शाम आरती व विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किये जायेंगे एवं प्रतिदिन दोपहर मे ' दुर्गा - सप्तशती ' का पाठ और ' जीण चालीसा ' का 21 बार पाठ रोजाना माँ के भक्तों द्वारा किया जायेगा। शाम को संगीतमय भजनो की प्रस्तुति छापर के प्रख्यात भजन सम्राट साहिल -सलीम चुनकर एन्ड पार्टी, योगेश चतुर्वेदी एंड पार्टी द्वारा दी जाएगी। रामनवमी को 151 कन्याओ का पूजन कर ' माँ जीण माताजी ' की प्रतिमाये भेंट कर प्रसाद वितरण किया जायेगा। वेद प्रकाश जांगिड़, सरोज - सजना सैनी, बजरंग सैनी, श्याम - सुभाष टाक, देवाराम, अजीतमल, बाबूलाल टाक, सुशीला - कौशल प्रजापत, प्रताप -गौरी सैनी, राहुल सोनी, दीपक बासनीवाल, सीताराम माली व हर्ष प्रजापत आदि लोग कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# भिवंडी में संत गोविंद वल्लभ दास का भव्य स्वागत

### माता-पिता की सेवा ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म

### ढोल-नगाड़ों और फूल वर्षा के बीच कुमावत समाज ने किया अभिनंदन

### होली महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का जनसैलाब



जयपुर टाइम्स

**मुंबई/सुमेरपुर(निस)।** मुंबई के भिवंडी क्षेत्र में गुरुवार को संत श्री श्री 1008 गोविंद वल्लभ दास महाराज के आगमन पर कुमावत समाज की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। महाराज के पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार अगवानी की और फूल वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय नारों और जयकारों से गूंज उठा। होली महोत्सव के पावन अवसर पर समाजसेवी मंशाराम मंडोरा निवासी नया जोयला के निवास पर आयोजित इस धार्मिक- सामाजिक कार्यक्रम में कुमावत समाज के बड़ी संख्या में लोग, श्रद्धालु और नागरिक शामिल हुए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महाराज का समैया कर सम्मान किया गया और उपस्थित लोगों ने उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में गोविंद वल्लभ दास महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में लोग धन और मोह-माया की अंधी दौड़ में अपने संस्कार और पारिवारिक मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा सुख, शांति और समृद्धि माता-पिता की सेवा और उनके आशीर्वाद में ही निहित है। महाराज ने कहा कि माता-पिता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म और संतान का सर्वोच्च कर्तव्य है। जो व्यक्ति अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसके जीवन में कभी अभाव नहीं रहता और भगवान भी ऐसे व्यक्ति पर अपनी विशेष कृपा बनाए रखते हैं।

### नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की जरूरत:

महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें नैतिकता, अनुशासन और भारतीय संस्कृति से भी जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार मिलें तो वे जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ते हैं और समाज भी मजबूत और संगठित बनता है।

### युवाओं को दी मर्यादित जीवनशैली अपनाने की सीख:

प्रवचन के दौरान महाराज ने युवाओं को मर्यादित और संस्कारित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भी भारतीय संस्कृति की मर्यादा और परंपराओं को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। महाराज ने कहा कि लड़के- लड़कियों के पहनावे में शालीनता और सादगी झलकनी चाहिए। संस्कार, अनुशासन और सादगी ही व्यक्ति की वास्तविक पहचान होते हैं और यही गुण समाज को सही दिशा देते हैं। होली महोत्सव में दिखी समाज की एकता और उत्साह कार्यक्रम के दौरान होली महोत्सव की रंगत भी देखने को मिली। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश दिया। महाराज के प्रेरक प्रवचन से उपस्थित श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जसाराम, मंछालाल, धनाराम, भीमाराम, शंकरलाल, जवानराम, भगाराम, श्रवण, भरत सहित संपूर्ण मंडोरा परिवार विशेष रूप से उपस्थित रहा। बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की भागीदारी से आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया।

## भक्ति और हर्षोल्लास के साथ निकली भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा

### जैन समाज ने मनाया जन्म कल्याणक महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सकल जैन समाज धौलपुर की ओर से प्रथम तीर्थंकर जगत पूज्य एवं विश्व वंदनीय भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को धार्मिक आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। महोत्सव के तहत प्रातः 6:30 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर धौलपुर में मूलनायक भगवान आदिनाथ का स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया गया। इसके बाद प्रातः 7 बजे शांतिधारा तथा प्रातः 7:30 बजे से श्री 1008 भक्तामर विधान का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। प्रातः 9 बजे मंदिर से भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बजाज खाना, लाल बाजार, सेठ जी की कोठी, हलवाई खाना, मोदी जी का तिराहा, तलैया, राधा बिहारी रोड, पैलेस के सामने, चूड़ी मार्केट और सब्जी मंडी मार्ग होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। पालकी में विराजमान भगवान आदिनाथ के दर्शन के लिए मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और जगह-जगह आरती कर पूजा- अर्चना की गई। शोभायात्रा के दौरान बैंड-बाजों और सुमधुर भजनों की धुन पर युवाओं ने उत्साह के साथ नृत्य किया। जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए पुलिस प्रशासन, नगर परिषद और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान आदिनाथ की शिक्षाओं और वाणी को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में धर्मसभा आयोजित की गई, जिसमें भगवान का कलशाभिषेक



किया गया। सायं 7 बजे संगीतमय सामूहिक आरती तथा 7:30 बजे भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया और विश्व शांति व जगत कल्याण के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई। महोत्सव में प्रमुख समाजसेवी परम संरक्षक व पूर्व विधायक रविंद्र सिंह बोहरा, विनय जैन ठाकुर साहब, नेतराम जैन, सतीश चंद्र जैन, गिरीश चंद्र जैन, डॉ. सुरेंद्र जैन, जैन समाज अध्यक्ष धनेश जैन, महामंत्री अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रवास जैन, सह मंत्री कृष्ण मोहन जैन, धर्मशाला अध्यक्ष पवन जैन, महामंत्री राजू जैन मनिया, डालचंद जैन, रामभरोसी लाल जैन, मेवाराम जैन, रूपेश कुमार जैन, अजय कुमार जैन, गिरीश कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, दिलीप कुमार जैन, डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन, सुनील कुमार जैन, स्टेशन मास्टर नरेश कुमार जैन, राजकुमार जैन, जगदीश प्रसाद जैन, सुबोध जैन, अमित कुमार जैन, कमल किशोर जैन, पवन कुमार जैन (जवाहर नगर), राहुल जैन बजाज, राहुल जैन एडवोकेट, रवि कुमार नवाब, सुभाष चंद्र जैन (डूंगरपुर वाले), बनवारी लाल जैन (ध्वजवाहक), दिनेश कुमार जैन नागर, हरेंद्र जैन, गुड्डा जैन, कोषाध्यक्ष पवन कुमार जैन, शैलेंद्र कुमार जैन, प्रकाश चंद्र जैन, डॉ. मुन्नालाल जैन, सुभाष चंद्र जैन (सादिकपुर वाले), हरिश्चंद्र जैन, अशोक कुमार जैन, विनय कुमार जैन, दीपेंद्र जैन, संजय कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग राजाखेड़ा ने बकाया राशि वसूली पर उतारे ट्रांसफार्मर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड राजाखेड़ा में जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के आदेशानुसार उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी के निर्देशन में बकाया वसूली टीम पूरी पुलिस इमदाद लेकर कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण राजाखेड़ा एरिया में बड़े स्तर पर बकाया वसूली पर ट्रांसफार्मर उठाने का अभियान चलाया गया जिसमें दिघी फीडर के सोमली गांव से 1 सिंगल फेज ट्रांसफार्मर, गड़ी करीलपुर फीडर के गांव सोमली के पुरा से 1 सिंगल फेज ट्रांसफार्मर, नागर फीडर के गांव पसुआपुरा से 5 सिंगल फेज ट्रांसफार्मर, गहैदी फीडर से 1 ट्रांसफार्मर ,करीब 20 लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए। साथ ही मौके पर उपस्थित लोगों से सहायक अभियंता तिवारी ने अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ता अपना बिल समय पर जमा करें और विद्युत चोरी न करें इसके साथ ही कोई भी विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ न करे ये जानलेवा हो सकता है।विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर विभाग के टोलफ्री न 18001806507 या अपने एरिया के कनिष्ठ अभियंता या लाइन मैन को संपर्क करें,जिन लोगों ने अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं, वे कनेक्शन के लिए आवेदन करें,साथ ही सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में पंजीकरण करा



कर अपने घर की छत पर सोलर संयत्र लगवा सकते हैं। बकाया वसूली टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल, वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश कुमार शर्मा, शमशेर खान, घनश्याम सिंह, सालू सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, यूनिस खा, शिवनरेश शाहपुरिया, राजूलाल,भूदेव सिंह इत्यादि के साथ पुलिस जाप्ता और आर ए सी बटालियन की टुकड़ी शामिल रही।

## ऋषभदेव जन्म दिवस पर हुनर शक्ति फाउंडेशन ने आयोजित की पोस्टर व कहानी प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म दिवस के अवसर पर हुनर शक्ति फाउंडेशन धौलपुर की ओर से तीर्थंकर दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर एवं कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अहिंसा, पर्यावरण संरक्षण, नारी शक्ति और मानवीय मूल्यों पर आधारित रचनात्मक पोस्टर व कहानियां प्रस्तुत कीं। संस्था के सचिव नीरज झा ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित 'शिक्षा आपके द्वार' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना और उन्हें संस्कारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि संस्था शिक्षा के साथ-साथ बच्चों और युवाओं में सत्य, अहिंसा, सदाचार, नारी सम्मान तथा देश सेवा जैसे मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान ऋषभदेव के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने मानव समाज को सत्य, अहिंसा, त्याग, संयम और सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को शांति, मानवता और नैतिक मूल्यों की राह पर चलने की प्रेरणा देती हैं। वक्ताओं ने कहा कि भगवान ऋषभदेव ने समाज को श्रम, शिक्षा और संस्कृति का महत्व समझाया तथा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई। अंत में पदाधिकारियों ने सभी से भगवान ऋषभदेव के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज में अहिंसा, प्रेम तथा नारी सम्मान के मूल्यों को बढ़ावा देने की अपील की।

## तरुण की निर्मम हत्या के विरोध में दिल्ली मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/ राजाखेड़ा।** होली पर्व के दिन तरुण खटीक की निर्मम हत्या के प्रकरण में निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच, शेष दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को न्याय व समुचित संरक्षण प्रदान किए जाने के संबंध में उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा को रूप सिंह सेन बार के नेतृत्व में ज्ञापन देकर मांग की है कि होली जैसे पावन पर्व, सामाजिक सौहार्द व आपसी भाईचारे के प्रतीक पर्व के अवसर पर तरुण खटीक की निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुखद, निंदनीय और कानून- व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह जघन्य अपराध न केवल पीड़ित परिवार के लिए असहनीय पीड़ा और क्षति का कारण बना है, बल्कि समूचे समाज में भय, आक्रोश तथा असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न कर रहा है। भारत के संविधान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा का मौलिक अधिकार प्राप्त है। ऐसी गंभीर आपराधिक घटनाएँ कानून-व्यवस्था की स्थिति को चुनौती देती हैं और न्याय व्यवस्था के प्रति जनसामान्य के विश्वास को भी प्रभावित करती हैं। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि इस प्रकरण में शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अतः हम सभी नागरिक व हिंदू समाज इस अमानवीय व जघन्य घटना की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए प्रशासन से मांगें करते हैं कि उक्त हत्या प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी व उच्चस्तरीय जांच किसी सक्षम व स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए, ताकि घटना के सभी तथ्य निष्पक्ष रूप से सामने आ सकें। 2. हत्या में संलिप्त सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। 3. पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता, सुरक्षा तथा आवश्यक सरकारी सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे उन्हें इस कठिन परिस्थिति में सामाजिक व प्रशासनिक संरक्षण मिल सके। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाए जाएँ, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस प्रकरण की नियमित प्रशासनिक व न्यायिक निगरानी सुनिश्चित करते हुए न्यायिक प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे पीड़ित परिवार को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो, निवेदन है कि इस गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेते हुए त्वरित, निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा करें, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके तथा समाज में कानून और न्याय व्यवस्था के प्रति जनविश्वास सुदृढ़ बना रहे। ज्ञापन देने वालों में साबर, दिलीप, अनुज, विनीत कुमार, किशन कुमार, महावीर सिंह, गौरव, सौरव, रंजीत, निखिल, करण व अन्य लोग मौजूद रहे।

## *जिला स्तरीय विकसित रन का आयोजन 15 से 19 मार्च को*

***जयपुर टाइम्स/धौलपुर(निस)।*** *सम्पूर्ण राजस्थान में राजस्थान दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 15 से 19 मार्च तक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर विकसित रन का आयोजन नगर परिषद धौलपुर से मचकुण्ड तक किया जाएगा। जिसका शुभारम्भ प्रातः 7 बजे से होगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं*


## कार्यालय ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा पंचायत समिति कोटपूतली

क्रमांकः- ग्रा.पं.ज./ खु.बो. / 2025-26 /177 | दिनांक :- 12.03.2026

### खुली बोली सूचना - 6 / 2025-26

ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधीनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित सीलबन्द लिफाफे में खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता

NIB No. PFE2526A0155
BN No.- PFE2526WSOB00421

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा**
**पं.स.कोटपूतली**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा**
**पं.स.कोटपूतली**

## प्रिंस स्कूल चूरू के पांच विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूनिया कॉलोनी स्थित प्रिंस स्कूल के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के चेयरमैन इंजीनियर नवीन सिहाग और चेयरपर्सन डॉ. पुष्पा चौधरी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है, जिससे वे विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में आगामी सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय में 1 अप्रैल 2026 से नए बैच की शुरुआत की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। विद्यालय प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

## सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों में अव्वल विद्यार्थियों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** कस्बे के न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में शैक्षणिक सत्र के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संस्था निदेशक डॉ. प्रताप सिंह सिहाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां तथा खेलकूद बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। प्रधानाचार्य रविश भारद्वाज ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है, जो उनके भविष्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भामाशाह शुभकरण बैद का शिक्षा के लिए योगदान

## बीदासर की सरकारी स्कूल को मिला 44 हजार का लैपटॉप



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** क्षेत्र के उदारमना भामाशाह शुभकरण बैद के आर्थिक सहयोग से बीदासर की एक सरकारी स्कूल को उपयोग के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। यह लैपटॉप रतनगढ़ के उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने विद्यालय प्रतिनिधि को भेंट किया। भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने बताया कि पंचायत समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भंवरी देवी सुथार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीदासर के वरिष्ठ अध्यापक गोपाल शर्मा को यह लैपटॉप सौंपा गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों और समाजसेवियों का योगदान अत्यंत प्रेरणादायी है, जिससे विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता बढ़ती है और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने समाजसेवी शुभकरण बैद की सराहना करते हुए कहा कि वे संचिया लाल बैद ट्रस्ट फंड के ट्रस्टी एवं रतनगढ़ नागरिक परिषद, सूरत के संरक्षक के रूप में लगातार समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका यह सहयोग शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है। विद्यालय प्रतिनिधि गोपाल शर्मा और विनोद कुमार ने करीब 44 हजार रुपये लागत का लैपटॉप उपलब्ध कराने पर बैद परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों में सुविधा मिलेगी ।

# साइबर अपराधों पर सख्ती के निर्देश, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने की साइबर क्राइम शाखा की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में साइबर क्राइम शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उपलब्ध संचार तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाए तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन सहित सभी संसाधनों को सुदृढ़ कर पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस को तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए अपराधियों के



खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराध नियंत्रण के लिए कार्य प्रणाली को भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) की तर्ज पर और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाया जाए। इसके साथ ही आर4सी की एसओपी तय करने और मासिक समीक्षा के लिए आवश्यक बिंदु निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आवश्यक उपकरणों और मानव संसाधन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा। डीजीपी शर्मा ने पिछले वर्ष चलाए गए साइबर जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के लिए लगातार जागरूक करना जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक दूसरे माह अलग-अलग विषयों पर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि लोग साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रह सकें।

### साइबर हेल्पलाइन 1930 को किया जाएगा और मजबूत

साइबर अपराध पीड़ितों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए डीजीपी ने हेल्पलाइन नंबर 1930 को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस मुख्यालय में संचालित हेल्पलाइन की लाइनों की संख्या तत्काल प्रभाव से 11 से बढ़ाकर 17 करने के आदेश दिए, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इसे और बढ़ाने का सुझाव भी दिया, ताकि अधिक से अधिक पीड़ितों की शिकायतें तुरंत सुनी जा सकें। बैठक में डीजी संजय अग्रवाल, एडीजी वी.के. सिंह, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप और विकास शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर अपराधों की रोकथाम और अनुसंधान प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस दौरान डीआईजी शांतनु सिंह ने साइबर क्राइम यूनिट के अंतर्गत संचालित विभिन्न शाखाओं, उनकी कार्यप्रणाली और अब तक की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण भी दिया।

## बीदासर में गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार

### ऑनलाइन बुकिंग बंद होने से बढ़ी परेशानी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के श्रीडूंगरगढ़ रोड स्थित शुभम इंडियन गैस एजेंसी पर गुरुवार सुबह 10 बजे ऑफिस खुलते ही गैस उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई। एजेंसी के बाहर करीब 10 साल बाद ऐसा नजारा देखने को मिला, जब सैकड़ों उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े नजर आए। एजेंसी के प्रोपराइटर चेनाराम मेघवाल ने बताया कि साइट नई शुरू होने के कारण फिलहाल गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। जब तक ऑनलाइन बुकिंग शुरू नहीं होती, तब तक नियमानुसार सिलेंडर की आपूर्ति करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि एजेंसी के पास करीब 190 सिलेंडरों का स्टॉक था, जिसे उपभोक्ताओं की गैस डायरी के नंबर लेकर अस्थायी व्यवस्था के तहत वितरित किया गया, लेकिन अब वह स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। अगली सप्लाई गैस की गाड़ी आने के बाद ही दी जा सकेगी। उधर गैस उपभोक्ताओं ने बताया कि मोबाइल से ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने के कारण वे एजेंसी कार्यालय पहुंचे, लेकिन यहां भी उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए चार से पांच घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। तेज धूप में खड़े रहने से महिलाओं और बुजुर्गों को खासा कष्ट उठाना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द ही ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू नहीं हुई और नियमित आपूर्ति नहीं मिली, तो लोगों को घरेलू कामकाज में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं एजेंसी संचालक का कहना है कि जैसे ही ऑनलाइन प्रणाली सुचारू होगी और नई सप्लाई पहुंचेगी, उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## गैस सिलेंडर में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन, फूंका पीएम का पूतला

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिलाध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में गैस सिलेंडर के दामो में वृद्धि, आपूर्ति में बाधित सप्लाई और कालाबाजारी के विरोध में केन्द्र सरकार के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट के आगे धरना-प्रदर्शन कर पीएम का पूतला फूंका। ईंधन की उपलब्धता को लेकर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के दूसरे सप्ताह में प्रवेश करने के साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री यातायात में व्यवधान के बीच सरकार ईंधन की उपलब्धता को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। मेघवाल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 रूपये और व्यावसायिक सिलेंडर पर 110 रूपये की बढ़ोतरी ने आमजन की रसोई में खटास पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दामो में वृद्धि, आपूर्ति में बाधित सप्लाई और कालाबाजारी से आम लोग परेशान है और कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को उठा रही है, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने महंगाई पर जल्द लगाम नहीं लगाया तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। हाल ही में मोदी ने ट्रंप और अमेरिका के दबाब में जिस प्रकार के समझौते किये हैं उनके दुष्परिणाम अब देश के सामने आ रहे हैं। केन्द्र सरकार की विदेश नीति पूर्णतः फैल हो चुकी है। इस अवसर पर रतनगढ़



विधायक पुसाराम गोदारा ने कहा कि कुछ ही दिनों में अगर सरकार बढ़ी हुई किमतें वापस नहीं लेगी और आमजन को राहत नहीं देगी तो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सड़क से लेकर सदन तक लडाई लडेंगे। पूर्व विधायक कृष्णा पुनियां ने कहा कि आमजन के गैस सिंलेडर के ऑनलाईन बुकिंग में भारी समस्या चल रही है, आमजन में त्राहि-त्राहि मची हुई है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र बुड़ानिया, गोविन्द महनसरिया, असलम खोखर, किशोर धान्धू, आदूराम न्यौल, पीसीसी सचिव मुस्ताक खान, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, आशाराम सैनी, आरिफ रिसालदार, जमील चौहान, डॉ. योगीता सक्सेना, प्रदीप तोदी, बजरंग लाल सैन, संजय दिक्षित, सोहनलाल मेघवाल, शिवकुमार शर्मा, सुनिता कपुरिया, अंजनी शर्मा, विनोद खटीक, योगेश ढ़ाका, बाबू मंत्री, अशोक पंवार, विकास मील, पवन भोजक, प्रिया प्रजापत, किरण, पालाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्यारेलाल दानोदिया ने किया।

## अव्यवस्थाओं के बीच शीतला अष्टमी का पूजन, बेसहारा पशुओं के डर के साथ श्रद्धालुओं ने की पूजा

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** शहर के सुभाष चौक स्थित शीतला माता मंदिर में शीतला अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता शीतला को बासी भोजन और ठंडा जल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हालांकि मेले के दौरान व्यवस्थाओं के अभाव के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राज्य सरकार की ओर से गठित तहसील स्तरीय समिति, जिसमें अध्यक्ष उपखंड अधिकारी के साथ तहसीलदार, विकास अधिकारी, सहायक अभियंता (सानिवि), सहायक अभियंता (जोविवि) और थाना प्रभारी को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और निष्क्रियता के चलते मेले में अव्यवस्थाएं नजर आईं। मंदिर परिसर के आसपास बेसहारा पशुओं के घूमने से श्रद्धालुओं में भय का माहौल बना रहा। भीड़ अधिक होने और मंदिर के पास रेहड़ियों की वजह से कई जगह धक्का-मुक्की और हल्की नोकझोंक की स्थिति भी बनी। हालांकि गनीमत रही कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष मेले के दौरान पुलिस बल की तैनाती की जाती है, लेकिन इस बार पर्याप्त पुलिस व्यवस्था नजर नहीं आई। वहीं नगर पालिका की ओर से भी भीड़ प्रबंधन और व्यवस्थाओं को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ माता शीतला की पूजा-अर्चना कर मेला संपन्न किया।

## संभागीय आयुक्त ने चौंमू का किया दौरा

### एसडीएम कार्यालय और अस्पताल का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** संभागीय आयुक्त पूनम ने गुरुवार को चौमू का दौरा किया। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान चौंमू एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ और तहसीलदार डॉ. विजयपाल बिश्नोई सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त ने कार्यालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया और अधिकारियों से राजस्व व प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली उन्होंने आमजन से जुड़े कार्यों को समय पर और पारदर्शिका से पूरा करने के निर्देश दिए। पूनम ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कार्यालय में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ताकि उन्हें आवश्यक परेशानी ना हो। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, लंबित प्रकरणों और कार्यालयीन व्यवस्था में सुधार के लिए भी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के बाद संभागीय



आयुक्त ने चौमू के सरकारी उप जिला अस्पताल का दौरा किया उन्होंने अस्पताल के वार्डों का जायजा लिया और वार्ड के मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ, सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। संभागीय आयुक्त में अस्पताल प्रशासन को मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने और मौजूदा व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त के इस औचक निरीक्षण से प्रशासनिक और चिकित्सा अधिकारियों में सक्रियता देखी गई इस अवसर पर उप जिला अस्पताल प्रभारी अजीत सिंह शेखावत और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रीफिलिंग पर होगी कार्रवाई

### जिला कलक्टर सुराणा ने प्रेस वार्ता कर जिले में गैस सिलेंडर आपूर्ति की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर आपूर्ति की जानकारी दी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिले में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं को समय पर घरेलू एलपीजी गैस उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सतर्क है। जिले में चिकित्सकीय, शैक्षणिक व राजकीय संस्थानों में निर्बाध गैस सिलेंडर उपलब्धता सुनिश्चित



की जा रही है, जिससे आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिला कलक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में करीब 05 लाख 14 हजार 654 एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें 05 लाख 13 हजार 951 घरेलू उपभोक्ता व 1063 वाणिज्यिक उपभोक्ता हैं। जिले में 23 इंडियन ऑयल, 12 भारत पेट्रोलियम व 08 हिंदुस्तान पेट्रोलियम सहित कुल 43 एजेंसियां संचालित हैं। घरेलू गैस सिलेंडर का वर्तमान मूल्य 929.50 रुपये है। इसी क्रम में जिले में 04 सीएनजी स्टेशन संचालित हैं और उनकी दैनिक खपत 6000 किलोग्राम है। वर्तमान में कंपनियों के पास 26456 किलोग्राम गैस स्टॉक उपलब्ध है। इसलिए सीएनजी की उपलब्धता भी पूरी तरह सामान्य और पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि जिले में ऑयल कंपनियों की ओर से एलपीजी की आपूर्ति के परिप्रेक्ष्य में जिला नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले में जिला सतर्कता यूनिट से गैस एजेंसियों व बॉटलिंग प्लांट का भौतिक निरीक्षण कर सतत गैस आपूर्ति के लिए निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ एलपीजी वाहनों के सुगम परिवहन के लिए पुलिस व प्रशासन के सहयोग से ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की ओर से आवश्यकतानुसार निर्धारित समयावधि (25 दिन) के भीतर गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में गैस के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा कालाबाजारी के अंकुश के लिए टीमें गठित की गई है। प्रवर्तन निरीक्षक, पुलिस थानाधिकारी व तहसीलदार की संयुक्त टीमें गठित कर घरेलू गैस सिलेंडरों के वाणिज्यिक उपयोग, अवैध भंडारण व रीफिलिंग गतिविधियों तथा कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखकर नियमित निरीक्षण व कार्रवाई के निर्देश दिए। कलक्टर ने बताया कि ऑयल कंपनियों की ओर से आवश्यक कदम उठाते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति 25 दिवस के अंतराल पर उपभोक्ता के घरों पर ही किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आपूर्ति आधार जनित ओटीपी तथा डिजीटल बुकिंग एंड डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड द्वारा की जा रही है। ऑयल कंपनियों को पूर्ण निगरानी रखने तथा वैध पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन से भी पैनिक बुकिंग नहीं करें तथा घरेलू गैस का अनावश्यक भंडारण नहीं करें। गैस के उपयोग में मितव्ययता बरतें तथा सोलर कुकर, इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हा आदि वैकल्पिक ईंधन साधनों का भी उपयोग करें। उन्होंने अपील की है कि आमजन घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग, रीफिलिंग या कालाबाजारी की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध गतिविधि की सूचना मिले तो तुरंत उपभोक्ता मामलात विभाग की हेल्पलाइन नंबर 14435, संपर्क हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस हेल्पलाइन 112 अथवा जिला कंट्रोल रूम नंबर 01562-250927 पर सूचना दें। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, डीएसओ अंशु तिवाड़ी, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, वसीम सहित मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।